वर्ष : 34 | अंक : 239 | मुंबई, गुरुवार, 6 नवंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

DBD
दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## 18 जिलों में 3.75 करोड़ मतदाता करेंगे मतदान

पहले चरण में मधेपुरा, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, पटना, भोजपुर और बक्सर जिलों में मतदान होगा। करीब 3.75 करोड़ मतदाता 6 नवंबर को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इनमें 1.98 लाख पुरुष, 1.76 करोड़ महिलाएं और 758 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। वहीं, मतदान के लिए कुल 45,341 बूथ बनाए गए हैं। पहले चरण में कुल 1,314 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें से 122 महिलाएं हैं।

## किस पार्टी के कितने प्रत्याशी मैदान में?

महागठबंधन में शामिल राष्ट्रीय जनता दल (RJD) 72, कांग्रेस 24 सीटों और वामपंथी पार्टियां 14 सीटों पर मैदान में हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) की ओर से जनता दल यूनाइटेड (JDU) 57, भाजपा 48, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) 13 और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (RLM) ने 2 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। इसके अलावा हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (HAM) एक और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) 8 सीटों पर किस्मत आजमा रही है। जन सुराज के 119 उम्मीदवार मैदान में हैं।

## इन सीटों पर सबकी नजरें

पहले चरण में बक्सर से पूर्व IPS आनंद मिश्रा, परसा से पूर्व मुख्यमंत्री दारोगा राय की पोती करिश्मा राय, लालगंज से अनु शुक्ला की बेटी शिवानी शुक्ला, छपरा से भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव, अलीनगर से लोकगायिका मैथिली ठाकुर, सीवान से शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब और मोकामा से अनंत सिंह जैसे चर्चित चेहरे मैदान में हैं। तेजप्रताप यादव की महुआ सीट पर भी मुकाबला दिलचस्प है। तारापुर में उपमुख्यमंत्री सम्राट और RJD के अरुण कुमार में सीधी टक्कर है।



# बिहार में पहले चरण का रण

- 18 जिलों की 121 सीटों पर डाले जाएंगे वोट
- 1,314 उम्मीदवार आजमा रहे हैं अपनी किस्मत

**एजेंसी | पटना**

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 6 नवंबर को पहले चरण का मतदान होगा। इस चरण में 18 जिलों की 121 सीटों पर वोट डाले जाएंगे, जिन पर 1,314 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें कई हाई-प्रोफाइल सीटें भी हैं, जिन पर सबकी नजर रहेगी। वर्तमान बिहार की सरकार के 16 मंत्रियों की सीटों पर भी 6 नवंबर को मतदान होगा।

### हर सीट पर औसतन 11 उम्मीदवार, 40 प्रतिशत करोड़पति

चुनाव आयोग के मुताबिक, हर सीट पर औसतन 11 उम्मीदवार मैदान में हैं। सबसे ज्यादा 20-20 उम्मीदवार मुजफ्फरपुर और कुढ़नी में हैं। कुल उम्मीदवारों में से 40 प्रतिशत करोड़पति हैं, जबकि औसतन एक उम्मीदवार की संपत्ति 3.26 करोड़ रुपये है। मुंगेर से भाजपा के प्रत्याशी कुमार प्रणय 170 करोड़ की संपत्ति के साथ सबसे अमीर हैं। वहीं, 32 प्रतिशत उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। शैक्षणिक योग्यता के लिहाज से 50 प्रतिशत उम्मीदवार स्नातक या उससे अधिक पढ़े लिखे हैं।

# महाराष्ट्र निकाय चुनावों के लिए पार्टियों ने कसी कमर

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

कांग्रेस और एकनाथ शिंदे की शिवसेना की घोषणा के बाद भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने भी बुधवार को चुनाव अधिकारियों और प्रभारियों की सूची जारी की। देव दिवाली के मौके पर जारी इस सूची में पार्टी ने 35 वरिष्ठ नेताओं को अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी सौंपी है। राज्य में नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 10 नवंबर से शुरू होगी, जबकि मतदान 2 दिसंबर को और परिणाम 3 दिसंबर को घोषित किए जाएंगे। बीजेपी ने मुंबई की जिम्मेदारी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और मंत्री आशीष शेलार को सौंपी है। वहीं, ठाणे, नवी मुंबई, मीरा-भाईंदर, कल्याण और उल्हासनगर जैसे शहरी क्षेत्रों की कमान वरिष्ठ नेता और कैबिनेट मंत्री गणेश नाईक को दी गई है। पार्टी ने हर जिले में एक चुनाव प्रभारी के साथ एक स्थानीय चुनाव प्रमुख भी नियुक्त किया है। उदाहरण के लिए, मीरा-भाईंदर में विधायक नरेंद्र मेहता चुनाव प्रमुख होंगे, जबकि गणेश नाईक प्रभारी रहेंगे।

**बीजेपी ने 35 नेताओं को सौंपी जिम्मेदारी, जारी हुई पूरी सूची**

**मुंबई और ठाणे की कमान किनके पास?**

### बड़े नेताओं को मिली अहम जिम्मेदारियां

राज्य के विभिन्न जिलों में बीजेपी के कद्दावर नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। गिरीश महाजन को नाशिक और मालेगांव का प्रभारी बनाया गया है, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण, जो हाल ही में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए थे, को नांदेड जिले की कमान दी गई है। वहीं नितेश राणे को सिंधुदुर्ग का प्रभारी और प्रशांत ठाकुर को रायगढ़ की जिम्मेदारी दी गई है।



### रवींद्र चव्हाण के संगठन कौशल की परीक्षा

इन सभी नियुक्तियों की घोषणा महाराष्ट्र बीजेपी अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने की है। लोकसभा चुनावों में प्रदेश संगठन की कमान चंद्रशेखर बावनकुले और देवेंद्र फडणवीस के पास थी, लेकिन इस बार यह जिम्मेदारी रवींद्र चव्हाण के कंधों पर है।

### ईवीएम से होंगे चुनाव, वीवीपैट का उपयोग नहीं

महाराष्ट्र के इन स्थानीय निकाय चुनावों में मतदान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) से होगा। हालांकि, इस बार वीवीपैट (VVPAT) का उपयोग नहीं किया जाएगा। राजनीतिक दलों और मतदाताओं के लिए यह चुनाव बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

पेज 2 भी देखें।

# खेसारी पर 'एमबीएमसी' भारी

- खेसारीलाल के बंगले को एमबीएमसी का नोटिस
- बंगले में अवैध निर्माण का आरोप

**विनय दुबे | मीरा-भाईंदर**

बिहार विधानसभा चुनाव में छपरा सीट से आरजेडी के टिकट पर लड़ रहे भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की परेशानी बढ़ गई है। चुनाव प्रचार में व्यस्त खेसारी को महाराष्ट्र की मीरा भायंदर महापालिका ने नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में मुंबई से सटे मीरा रोड स्थित उनके बंगले में अवैध निर्माण का आरोप लगाया गया है।



### मीरा रोड स्थित बंगले पर अवैध निर्माण का आरोप

महापालिका की ओर से भेजे गए नोटिस में कहा गया है कि खेसारी लाल यादव के मीरा रोड स्थित बंगले में अवैध काम किया गया है। प्रशासन ने बंगले में किए गए अनाधिकृत निर्माण को तुरंत हटाने का निर्देश दिया है। बताया जा रहा है कि अगले एक-दो दिनों में अवैध हिस्से को तोड़ने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

### 3 नवंबर को जारी हुआ नोटिस

नोटिस 3 नवंबर को जारी किया गया है। इसमें उल्लेख है कि जुन्या पेट्रोल पंप के पास स्थित शत्रुघ्न कुमार यादव उर्फ खेसारी लाल यादव के बंगले में निर्माण संबंधी नियमों का उल्लंघन किया गया है। खास बात यह है कि यह नोटिस उस समय आया है जब खेसारी चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं और बिहार में आरजेडी की ओर से बड़ी उम्मीदों के साथ मैदान में हैं।

### स्टूडियो भी आता है दायरे में

खेसारी के इस नए बंगले में उनका निजी स्टूडियो भी है, जिसका नाम KKR27 PVT LTD बताया जा रहा है। करीब एक साल पहले इस स्टूडियो की शुरुआत की गई थी। अब महानगर पालिका ने साफ कहा है कि यदि खेसारी खुद से अवैध भाग नहीं हटाते हैं तो तोड़फोड़ की कार्रवाई की जाएगी और खर्च भी उनसे ही वसूला जाएगा।

### छपरा सीट पर आज मतदान

छपरा विधानसभा सीट पर चुनाव का पहला चरण 6 नवंबर को है, जहां खेसारी की टक्कर छोटी सिंह से है। चुनाव के बीच नोटिस मिलने को लेकर उनके समर्थक इसे राजनीतिक दबाव बताकर विरोध जता रहे हैं। अब देखना होगा कि इस विवाद का खेसारी के चुनावी प्रदर्शन पर क्या असर पड़ता है।

# बिजली कंपनियों को 'करंट', उपभोक्ताओं को राहत

- कोर्ट ने दरों में बिजली दरों में बढ़ोतरी पर लगाई रोक

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने राज्य के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए बिजली दरों में बढ़ोतरी पर रोक लगा दी है। अदालत ने महावितरण और महाराष्ट्र विद्युत नियामक आयोग (एमईआरसी) को झटका देते हुए बढ़ी हुई दरों के आदेश को रद्द कर दिया। साथ ही सुप्रीम कोर्ट में अपील के लिए महावितरण को चार हफ्ते का समय दिया है। अदालत के इस निर्णय से राज्य में बिजली सस्ती हो गई है।



### एमईआरसी का आदेश रद्द, पुरानी दरें लागू

न्यायमूर्ति बी. पी. कोलाबावाला और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनिवाला की पीठ ने विभिन्न कंपनियों की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए एमईआरसी के 25 जून के समीक्षा आदेश को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि नया आदेश आने तक 28 मार्च 2025 का मूल बहुवर्षीय टैरिफ (एमवाईटी) आदेश ही लागू रहेगा। मामला दोबारा आयोग को भेज दिया गया है, जहां सभी हितधारकों और उपभोक्ताओं की सुनवाई के बाद नया निर्णय लिया जाएगा।

### बिजली बिल में 12% तक कमी

महावितरण द्वारा अक्टूबर में उपभोक्ताओं से 35 से 95 पैसे प्रति यूनिट तक ईंधन अधिभार वसूला गया था, जिसके कारण बिजली बिल बढ़ गए थे। हाई कोर्ट के आदेश के बाद नवंबर से ईंधन अधिभार को शून्य कर दिया गया है। इससे महावितरण उपभोक्ताओं के बिजली बिल में लगभग 12 प्रतिशत की कमी आएगी और उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली मिलेगी। 28 मार्च के आदेश से महावितरण को अगले 5 वर्षों में लगभग 92 हजार करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान होने की आशंका थी। इसी कारण महावितरण ने एमईआरसी में समीक्षा याचिका दायर की थी।

*महादेव ऐप मामला*

# रवि उप्पल के गायब होने पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

- ईडी को रवि उप्पल को गिरफ्तार करने के दिए आदेश
- दो साल बाद भी नहीं मिला सुराग, प्रत्यर्पण प्रक्रिया अटकी



**एजेंसी | नई दिल्ली**

महादेव सट्टेबाजी ऐप से 6000 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी के आरोपी रवि उप्पल के दुबई से भाग जाने पर देश की सबसे बड़ी अदालत ने नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सट्टेबाजी ऐप के को-फाउंडर रवि उप्पल का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा कि सफेदपोश अपराध के आरोपियों के लिए अदालतों और जांच एजेंसियों को 'खिलौना बनाने' नहीं दिया जा सकता है। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने आरोपी उप्पल के कानून से बचने पर गंभीर नाराजगी जताई और कहा, 'यह अदालत के विवेक को झकझोरता है, अब कुछ करना ही होगा।'

### ठिकाने का अब तक कुछ पता नहीं

दिसंबर 2023 के दौरान दुबई में गिरफ्तार महादेव ऑनलाइन बेटिंग ऐप घोटाले के मुख्य आरोपी रवि उप्पल के ठिकाने का अब तक कुछ पता नहीं चल सका है। इंटरपोल द्वारा रेड कॉर्नर नोटिस जारी करने और गिरफ्तारी के बाद माना जा रहा था कि जल्द ही उसे भारत प्रत्यर्पित किया जाएगा।

**डिजिटल छलांग** | महाराष्ट्र बना एलन मस्क से डील करने वाला पहला राज्य

# अब हर घर होगा इंटरनेट, स्टारलिंक की हुई एंट्री

**अमित बृज | मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार ने सैटेलाइट आधारित हाई-स्पीड इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में केरल, गुजरात जैसे तमाम राज्यों को पीछे छोड़ते डिजिटल इंडिया के मोर्चे पर बड़ी छलांग लगाई है। राज्य ने अमेरिकी कंपनी स्टारलिंक के साथ औपचारिक समझौता किया है, जिसके तहत राज्य के सबसे दूरस्थ और पिछड़े इलाकों में तेज इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाएगी। इस पहल के साथ महाराष्ट्र देश का पहला राज्य बन गया है जिसने आधिकारिक तौर पर स्टारलिंक के साथ साझेदारी की है।

### मुंबई में समझौता, सीएम फडणवीस रहे मौजूद

मुंबई में हुए इस समझौते के दौरान स्टारलिंक की वाइस प्रेसिडेंट लॉरेन ड्रेयर और महाराष्ट्र सरकार के आईटी सचिव वीरेंद्र सिंह ने लेटर ऑफ इंटेंट (LOI) पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद थे। करार भारत में आवश्यक नियामकीय मंजूरी मिलने के बाद लागू होगा, जिसके बाद राज्य में कनेक्टिविटी विस्तार का काम तेज गति से शुरू किया जाएगा।




### दूरस्थ गांवों से तटीय सुरक्षा तक विस्तृत नेटवर्क

सरकार और स्टारलिंक मिलकर आदिवासी स्कूलों, ग्रामीण अस्पतालों, वन चौकियों, डिजास्टर कंट्रोल रूम्स और तटीय इलाकों को इंटरनेट से जोड़ेंगे। गडचिरोली, नंदुरबार, धाराशिव और वाशिम जैसे आकांक्षी जिलों को भी इस नेटवर्क में शामिल किया गया है। इसके अलावा समृद्धि महामार्ग, फेरी सेवाएं, तटीय जहाज, पोर्ट्स और कोस्टल पुलिस नेटवर्क को भी इस सेवा से जोड़ा जाएगा। शिक्षा और टेलीमेडिसिन को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने का लक्ष्य भी रखा गया है।

### 90 दिन का पायलट, सीएम की सीधी निगरानी

इस परियोजना की शुरुआत 90 दिनों के पायलट से होगी। इसके लिए संयुक्त वर्किंग ग्रुप बनाया गया है, जो 30, 60 और 90 दिनों पर प्रगति की समीक्षा करेगा। पायलट की सीधी निगरानी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में की जाएगी, ताकि योजनाओं के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया जा सके। स्टारलिंक की वाइस प्रेसिडेंट लॉरेन ड्रेयर ने कहा कि उनका उद्देश्य हर व्यक्ति तक हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचाना है, और यह साझेदारी डिजिटल समानता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।

आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

दावा न की गई संपत्ति के संबंध में आयोजित विशेष शिविरों में जाएं, जिसे देशभर के सभी ज़िलों में अक्तूबर से दिसंबर 2025 के बीच लगाए जाएँगे।




अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए
क्यूआर कोड स्कैन कीजिए
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

न्यूज़ ब्रीफ

### शराब के नशे में झगड़े के दौरान रूममेट की हत्या

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई के तुर्भे नाका इलाके में शराब के नशे में हुए विवाद के दौरान रूममेट की हत्या करने के आरोप में 20 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान आर्यन उर्फ अरुण कुमार भानु राजभर उर्फ दीपू के रूप में हुई है, जिसे तुर्भे स्टोर इलाके से पकड़ा गया। घटना में शुरू में पुलिस को तीन लोगों की संलिप्तता का संदेह था। मृतक पंडित उर्फ आनंद कोरी (43) सोमवार रात ठाणे-बेलापुर रोड ओवरब्रिज के नीचे मृत पाए गए थे। विस्तृत पूछताछ के बाद यह स्पष्ट हुआ कि हत्या राजभर ने अकेले की।पुलिस के अनुसार, चार लोग शराब पी रहे थे और इसी दौरान आपसी बहस बढ़कर हिंसक झगड़े में बदल गई। गुस्से में आरोपी ने मृतक पर फाइबर पाइप, पत्थर और बीयर की बोतल से हमला किया, जिससे उनके सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं और उनकी मौत हो गई। विशिष्ट सूचना के बाद पुलिस ने बुधवार को राजभर को तुर्भे स्टोर इलाके से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है। तुर्भे पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अबासाहेब पाटिल ने बताया कि जांच में हत्या का कारण शराब के दौरान हुआ विवाद पाया गया है। आरोपी को हिरासत में लेकर आगे की पूछताछ जारी है।

### ईओडब्ल्यू के हाथ में मलाड पुनर्विकास धोखाधड़ी केस

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने कांदिवली और मलाड क्षेत्र से जुड़े एक बड़े पुनर्विकास धोखाधड़ी मामले की जांच शुरू कर दी है। यह मामला उस शिकायत से जुड़ा है, जिसमें एक बिल्डर से कथित तौर पर 18.09 करोड़ की ठगी की गई। शिकायत के अनुसार, संयुक्त पुनर्विकास परियोजना के नाम पर तीन डेवलपर्स ने झूठे दस्तावेज़ दिखाकर भारी निवेश करवाया और बाद में परियोजना को आगे नहीं बढ़ाया। मलाड पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर के मुताबिक, शिकायतकर्ता राकेश वीरेंद्र सिंह (51), कांदिवली पूर्व निवासी व व्यवसायी ने आरोप लगाया कि अपूर्व शाह, शीतल शाह और विशेष शाह नामक तीनों आरोपियों ने खुद को मलाड (पश्चिम) स्थित दो संपत्तियों—राम निवास और कमल कुंज—का वास्तविक मालिक बताया। जबकि वास्तविकता में इन संपत्तियों का स्पष्ट स्वामित्व नहीं था और मामला विवादित था। शिकायत में कहा गया है कि आरोपियों ने यह तथ्य छिपाया कि संपत्तियाँ कानूनी विवादों में उलझी हैं। इसके बावजूद, उन्होंने शिकायतकर्ता की कंपनी के साथ संयुक्त विकास समझौता (JDA) किया और कथित तौर पर फर्जी स्वामित्व दस्तावेज़ पेश कर उन्हें गुमराह किया। दस्तावेज़ों की कथित हेराफेरी और स्वामित्व गलत साबित करने से मामला और गंभीर हो गया है।

### आत्महत्या करने वाली चिकित्सक के परिजनों ने जरांगे से मुलाकात की

**मुंबई/बीड।** सतारा जिले में पिछले महीने आत्महत्या करने वाली महिला चिकित्सक के परिवार ने बुधवार को मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे से जालना जिले में मुलाकात की। परिजनों ने डॉक्टर की मौत की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने में हो रही देरी पर गहरी नाराज़गी जताई। मनोज जरांगे ने हाल ही में मृतक महिला डॉक्टर के गांव का दौरा किया था और परिवार को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया था। बुधवार को हुई मुलाकात के दौरान जरांगे ने इस मामले पर मुख्यमंत्री के विशेष कार्य अधिकारी (OSD) से भी बातचीत की और जांच में तेजी लाने की मांग की। महिला डॉक्टर का शव 23 अक्टूबर को सतारा जिले के फलटण कस्बे में एक होटल के कमरे से बरामद हुआ था। उसकी हथेली पर लिखे सुसाइड नोट में उपनिरीक्षक गोपाल बदाने पर बार-बार बलात्कार करने और सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रशांत बनकर पर मानसिक उत्पीड़न के आरोप लगाए गए थे। दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सीनियर डॉक्टर का उत्पीड़न

# महिला आयोग ने सर जे जे हॉस्पिटल को थमाया नोटिस

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुंबई के प्रतिष्ठित सर जे. जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल में एक महिला स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक आनंद पर मानसिक उत्पीड़न और बदसलूकी के आरोप लगाए जाने के मामले में महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग ने अस्पताल प्रशासन को नोटिस जारी किया है। आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर ने अस्पताल प्रिंसिपल से पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट माँगी है। शिकायत के बाद भी अस्पताल प्रतिनिधि द्वारा आयोग के समक्ष जानकारी न देने पर यह कार्रवाई की गई है।

### शिकायत के बाद भी रिपोर्ट नहीं, आयोग में सुनवाई



महिला डॉक्टर ने 10 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि विभागाध्यक्ष लगातार मानसिक प्रताड़ना और अपमानजनक व्यवहार कर रहे हैं। आयोग ने इस पर 18 जुलाई और 24 अक्टूबर को अस्पताल से रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट न मिलने पर 29 अक्टूबर को सुनवाई हुई, जहां उपस्थित अस्पताल प्रतिनिधि शिकायत और कार्रवाई से अनजान थे। इस रवैये को आयोग ने गंभीर लापरवाही माना है।

### 7 दिनों में देनी होगी विस्तृत रिपोर्ट

महिला डॉक्टर की शिकायत और आंतरिक समिति (IC) की कार्रवाई से संबंधित पूरी जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश अस्पताल प्रिंसिपल को दिए गए हैं। आयोग ने कहा है कि महिलाओं की शिकायतों को हल्के में लेना और आयोग से सहयोग न करना गंभीर मामला है। अस्पताल प्रशासन को सात दिनों में विस्तृत स्पष्टीकरण और कार्रवाई की रिपोर्ट जमा करनी होगी।

# डीसीएम शिंदे के गढ़ में नाइक

- चुनाव प्रमुखों और जिला चुनाव प्रभारियों की नई सूची जारी
- गणेश नाइक को ठाणे जिले की चुनावी कमान

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

ठाणे में आगामी स्थानीय निकाय चुनावों से पहले भाजपा ने बुधवार देर शाम चुनाव प्रमुखों और जिला चुनाव प्रभारियों की नई सूची जारी की है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के प्रभाव वाले इस क्षेत्र में भाजपा ने उनके राजनीतिक विरोधी और वन मंत्री गणेश नाइक को ठाणे जिले की चुनावी कमान सौंपी है। इससे राजनीतिक हलकों में हलचल बढ़ गई है। दिलचस्प रूप से, नवी मुंबई—जो गणेश नाइक का गढ़ माना जाता है—वहाँ चुनाव प्रमुख का पद उनके बेटे और पूर्व सांसद संजीव नाइक को मिला है। इससे संकेत मिल रहे हैं कि भाजपा ने ठाणे और नवी मुंबई में शिंदे के खिलाफ सख्त रणनीति अपनाने का फैसला किया है।

### सात मंडलों की जिम्मेदारी नाइक के पास





राज्य चुनाव आयोग ने नगर निगम चुनावों का कार्यक्रम जारी कर दिया है और अगले दो महीनों में चुनाव होने की संभावना है। इसी बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण ने जिला चुनाव प्रमुख और प्रभारियों की नियुक्ति की घोषणा की। ठाणे जिले के सात मंडलों—ठाणे शहर, ठाणे ग्रामीण, भिवंडी, मीरा-भयंदर, नवी मुंबई, कल्याण और उल्हासनगर—की जिम्मेदारी गणेश नाइक को दी गई है। साथ ही प्रत्येक मंडल के लिए अलग-अलग भाजपा नेताओं को भी चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया है। एकनाथ शिंदे और गणेश नाइक का विवाद जगजाहिर है। नाइक पहले भी कह चुके हैं कि भाजपा को ठाणे और नवी मुंबई में अपने दम पर चुनाव लड़ना चाहिए और वे यहां कमल खिलाने को तैयार हैं। ऐसे में भाजपा द्वारा नाइक को ठाणे जिले की कमान देना शिंदे के लिए एक राजनीतिक संदेश माना जा रहा है। नवी मुंबई में भी भाजपा को नाइक और विधायक मंदा म्हात्रे के बीच तनाव का सामना करना पड़ रहा है, जिसे देखते हुए संजीव नाइक की नियुक्ति काफी अहम मानी जा रही है।

### शिंदे खेमे की प्रतिक्रिया

हालांकि शिंदे गुट इस फैसले को चुनौती मानने से इंकार कर रहा है। शिंदे सेना के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि भाजपा ने पूरे राज्य में सांसदों, विधायकों और मंत्रियों को ज़िम्मेदारियाँ सौंपी हैं, इसलिए गणेश नाइक को ठाणे की कमान मिलना असामान्य नहीं है। बावजूद इसके, ठाणे की राजनीतिक हवा में शिंदे और नाइक के टकराव की स्पष्ट झलक दिखाई दे रही है।

# किसी खान को मेयर नहीं बनने देना चाहिए: साटम

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

न्यूयॉर्क में भारतीय मूल के जोहरान ममदानी के मेयर चुने जाने के बाद मुंबई की राजनीति में नया तूफान उठ गया है। बीएमसी चुनाव नजदीक आते ही राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। इसी बीच बीजेपी ने मुंबई मेयर पद पर धार्मिक रंग चढ़ा दिया है। पार्टी के मुंबई अध्यक्ष अमित साटम ने विवादित बयान देते हुए कहा कि आगामी मेयर चुनाव में किसी खान को मेयर नहीं बनने देना चाहिए। उनके इस बयान से राजनीतिक माहौल में गर्मी बढ़ गई है और विपक्ष ने पलटवार शुरू कर दिया है।

### विपक्षी दलों पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप

न्यूयॉर्क में ममदानी की जीत के तुरंत बाद अमित साटम ने विपक्षी दलों पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि शिवसेना (उद्धव) और कांग्रेस जैसी पार्टियां पाकिस्तान के झंडे लहराने वालों और बम ब्लास्ट आरोपियों को मंच देती हैं। उन्होंने दावा किया कि "मुंबई का रंग बदलने की साजिश हो रही है, इसलिए किसी खान को मेयर नहीं बनने देना चाहिए।" उनका यह बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया और राजनीतिक बहस छिड़ गई।

### शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस ने भी साधा निशाना



उद्धव ठाकरे की शिवसेना और कांग्रेस ने भी बीजेपी पर communal politics का आरोप लगाया। पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर ने कहा कि बीएमसी चुनाव को लेकर सभी पार्टियां तैयार हैं और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार चुनाव 31 जनवरी 2026 से पहले होने तय हैं। उन्होंने कहा कि चुनावी घोषणा जल्द हो सकती है, लेकिन उससे पहले ही मुंबई की राजनीति 'मेयर कौन बनेगा' के सवाल पर गरमा गई है, और अब इस बहस को धर्म की नजर से देखा जा रहा है।

### विपक्ष का पलटवार: 'संविधान सबको बराबरी का हक देता है'

बीजेपी के इस बयान पर AIMIM नेता वारिस पठान ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बीजेपी हिंदू-मुस्लिम की राजनीति कर रही है और उसके पास विकास का मुद्दा नहीं बचा है। उन्होंने कहा कि "मुंबई का मेयर कोई खान, शेख, सैयद भी बन सकता है। संविधान सबको बराबरी का अधिकार देता है, बीजेपी तय नहीं करेगी कि कौन मेयर बनेगा।" समाजवादी पार्टी नेता अबू आजमी ने भी हमला बोलते हुए कहा कि अमेरिका में काबिलियत को वोट मिलता है, धर्म को नहीं, लेकिन भारत में बीजेपी समाज को बांटने की राजनीति कर रही है।

# आदिवासियों के अधिकारों के लिए आंदोलन स्थगित

**ओपी यादव । पालघर**

आदिवासी कातकरी समुदाय के लिए विभिन्न न्यायिक मांगों को लेकर श्रमजीवी संगठन द्वारा ठाणे जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने बुधवार से शुरू किया गया ₹आत्मपीड़ा अनशन₹ आंदोलन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आश्वासन के बाद स्थगित कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने आदिवासी समुदाय की समस्याओं के समाधान के लिए जल्द बैठक आयोजित करने का वादा किया। आंदोलन को स्थगित कराने में विधायक संजय केलकर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, साथ ही कोंकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक एडवोकेट निरंजन डावखरे भी मौके पर मौजूद रहे।

### विवेक पंडित के नेतृत्व में हुआ आंदोलन

श्रमजीवी संगठन के संस्थापक विवेक पंडित के नेतृत्व में बुधवार को ठाणे जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने आदिवासी समुदाय ने भूख हड़ताल की। इस आंदोलन में सैकड़ों आदिवासी शामिल हुए, जिन्होंने अपनी विकट परिस्थितियों और अधिकारों की मांग को सामने रखा। प्रदर्शन स्थल पर भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने प्रशासन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।




### सरकार के आश्वासन पर भरोसा

धरना स्थल पर पहुंचे विधायक संजय केलकर और विधायक निरंजन डावखरे ने आंदोलनकारियों से बातचीत की। विधायक केलकर ने कहा कि आधार कार्ड सहित अन्य मुद्दों पर सरकार सकारात्मक रुख रखती है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पहले भी कई जटिल मुद्दों को हल कर लागू किया है, और अब कातकरी समुदाय की मांगों पर भी ठोस कार्यवाही की जाएगी। सरकार स्तर पर कई निर्णय पहले ही लिए जा चुके हैं, और शेष मुद्दों के लिए विशेष बैठक होगी।

### दीप प्रज्ज्वलन कर आंदोलन का समापन

शाम के समय विधायक संजय केलकर ने धरना स्थल पर दीप जलाकर आदिवासी समुदाय को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि यह सरकार का संकल्प है कि आदिवासी कातकरी समुदाय के विकास के लिए हर संभव कदम उठाए जाएं। इसके बाद नेताओं के आश्वासन के आधार पर आंदोलनकारियों ने भूख हड़ताल स्थगित करने की घोषणा की।

# दिवा में अवैध निर्माण कार्य के खिलाफ मनपा की कार्रवाई

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

ठाणे के दिवा प्रभाग समिति क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ मनपा की सख्त कार्रवाई जारी है। क्षेत्र की कुल 10 इमारतों में से तीन को पहले ही पूरी तरह से खाली कराया जा चुका है। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद सोमवार को शेष इमारतों में से दो पर कार्रवाई की गई और पुलिस बंदोबस्त के बीच बेदखली की प्रक्रिया शुरू की गई।

### शेष इमारतों पर भी होगी कार्रवाई



उपायुक्त (अतिक्रमण) उमेश बिरारी ने बताया कि शेष इमारतों पर भी जल्द ही बेदखली और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, मनपा उपायुक्त उमेश बिरारी, जोनल आयुक्त सचिन सांगले, दिनेश तायडे, सहायक आयुक्त शिवप्रसाद नागरगोजे, महेश जामनेर, सोनल काले, सोमनाथ बनसोडे, विजय कवले, गणेश चौधरी और सोपान भाईक सहित कई अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

### व्यावसायिक परिसर ध्वस्त, फ्लैटों के दरवाजे तोड़े

कार्रवाई के दौरान संबंधित इमारतों से लोगों को बाहर निकालकर खाली कराया गया। मनपा ने इन इमारतों में मौजूद व्यावसायिक परिसरों को ध्वस्त कर दिया, जबकि सभी फ्लैटों के दरवाजे भी तोड़ दिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई चरणबद्ध तरीके से चल रही है और पूरी कानूनी प्रक्रिया के बाद ही इमारतें खाली कराई जा रही हैं।

# किसानों को तत्काल कर्जमाफी देना जरूरी: उद्धव ठाकरे

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने बुधवार को संभाजीनगर जिले में कहा कि राज्य सरकार को तत्काल किसानों को कर्जमाफी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य के किसान जून 2026 तक इंतजार करने की स्थिति में नहीं हैं। ठाकरे चार दिवसीय मराठवाड़ा दौरे पर हैं और पैठण तहसील में किसानों से मुलाकात की।

### सरकार पर आरोप, अजीत पवार पर निशाना



उद्धव ठाकरे ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के मंत्री, सांसद और विधायक किसानों के नाम पर अपनी भलाई कर रहे हैं, जबकि किसानों को खोखले वादों के अलावा कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि भारी बारिश और बाढ़ से किसानों की जमीन तक बर्बाद हो गई है। इस बीच उद्धव ठाकरे ने उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के बयान पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर किसानों को कर्ज चुकाने के लिए हाथ-पांव हिलाने चाहिए, तो फिर अजीत पवार को क्या हिलाना चाहिए? ठाकरे ने भरोसा दिलाया कि शिवसेना किसानों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी।

### शिवसेना नेताओं की उपस्थिति

इस मौके पर शिवसेना नेता मिलिंद नार्वेकर, विनोद घोसालकर, अंबादास दानवे, चंद्रकांत खैरे, दत्ता गोर्डे, मनोज पेरे, राजू परदेशी, सोमनाथ जाधव, राखी परदेशी, किशोर वैद्य, अजय परेलकर, कल्याण मगरे, स्वाति माने समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तारापुर की एक इकाई दो माह के लिए बंद

**पालघर।** पालघर जिले स्थित तारापुर परमाणु ऊर्जा परियोजना की 540 मेगावाट क्षमता वाली इकाई क्रमांक तीन को आंतरिक मरम्मत और तकनीकी निरीक्षण के लिए मंगलवार रात से अस्थायी रूप से बंद किया गया है। परियोजना की इकाई क्रमांक तीन और चार से संयुक्त रूप से 1080 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। मुख्य प्रबंधक अशोक शिंदे के अनुसार, हर दो वर्ष में एक बार संयंत्र की कार्यक्षमता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह नियमित रखरखाव किया जाता है। इस बार इकाई क्रमांक तीन का रखरखाव कार्य लगभग 60 दिनों तक चलेगा।

# 21 अनधिकृत स्कूलों पर पीआरपी का अल्टीमेटम

- 10 नवंबर तक कार्रवाई नहीं तो होगा बड़ा आंदोलन

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी महानगर पालिका क्षेत्र में चल रहे 21 अनधिकृत स्कूलों के खिलाफ पीपुल्स रिपब्लिकन पार्टी (PRP) ने कड़ा रुख अपनाया है। पार्टी ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 10 नवंबर तक इन स्कूलों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो मनपा मुख्यालय के सामने अनिश्चितकालीन अमर अनशन शुरू किया जाएगा। पीआरपी का दावा है कि बिना सरकारी मान्यता वाले विद्यालय खुलेआम शिक्षा व्यवस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं, जबकि प्रशासन निष्क्रिय बना हुआ है।

### कार्रवाई नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन अनशन



अब्दुल गनी खान ने साफ चेतावनी दी कि 10 नवंबर तक कार्रवाई न होने पर मनपा मुख्यालय के बाहर अमर अनशन किया जाएगा। साथ ही मांग की कि सूचीबद्ध 21 स्कूलों के अलावा अन्य अनधिकृत स्कूलों की भी जांच कर उन्हें चिन्हित किया जाए और समान कानूनी कार्रवाई की जाए। इस मुद्दे ने शहर में चिंता और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। अभिभावक बच्चों के भविष्य को लेकर परेशान हैं और राजनीतिक स्तर पर भी इस मामले पर चर्चा तेज हो गई है। अब निगाहें इस बात पर हैं कि मनपा प्रशासन कब तक मौन रहता है और क्या जल्द कोई कठोर कदम उठाए जाते हैं।

### ज्ञापन सौंपकर जताया विरोध

मंगलवार को पीआरपी के शहर अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष अब्दुल गनी खान की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल ने मनपा प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। खान ने कहा कि शिक्षा विभाग ने स्वयं स्वीकार किया है कि शहर में 21 अनधिकृत स्कूल चल रहे हैं, लेकिन न तो किसी के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज हुआ और न ही प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई की। खान ने आरोप लगाया कि इन संस्थानों में पढ़ने वाले सैकड़ों बच्चों का भविष्य जोखिम में है, क्योंकि बिना मान्यता के जारी होने वाले प्रमाणपत्रों को किसी बोर्ड में मान्यता नहीं मिलेगी।

# महाराष्ट्र विधान भवन में दिवाली मिलन समारोह का आयोजन

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



महाराष्ट्र के विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने विधानसभा प्रांगण में क्षेत्र के प्रमुख्य व्यापारियों के साथ दिवाली स्नेह मिलन आयोजन किया। इसी आयोजन के दौरान उनसे क्षेत्र की समस्यों पर और व्यवसाय करने में आने वाली दिक्कतों पर भी गहन चिंतन किया गया और उनकी मुश्किलों को दूर करने के लिये वे और सरकार कटिबंद हैं। इसी कार्यक्रम में आदर्श होटल समूह परिवार के जगदीश पुरोहित द्वारा निर्मित महाराष्ट्र में जन्में 'भारत के शसक्त क्रांति के पितामाह' वासुदेव बलवंत फड़के की 180वीं जयंती वाले मानचित्र का भी लोकार्पण किया गया। इस पोस्टर की विशेषता है कि उसमें क्रांतिवीर के चित्र के साथ उनके द्वारा शिक्षा क्षेत्र में किए गए कार्यों का भी विशेष उल्लेख किया गया। इस समारोह में प्रबुद्ध व्यापारियों ने अग्रणीय संस्थानों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। क्षेत्र के प्रमुख व्यापारी ने भी सभा को संबोधित किया और उनमें प्रमुख थे मेटल एंड स्टेनलेस स्टील एसोसिएशन (मासमा) के अध्यक्ष चंदन भंसाली, फेडरेशन ऑफ असोशीऐशनस् ऑफ महाराष्ट्र के अध्यक्ष जितेंद्र शाह, इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुमार जैन, भारत मर्चन्टस् चेंबर्स के मनोज जालान, जैसे कई व्यवसायइयों ने भी सभा को संबोधित किया।

# रायगढ़ में भाजपा संग, शिंदे गुट के खिलाफ रुख

### अजित पवार के सामने कार्यकर्ताओं ने रखी मांग

**डीबीडी संवाददाता । रायगढ़**

राज्य में स्थानीय स्वराज संस्थाओं के चुनाव की घोषणा के साथ ही राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। आचार संहिता लागू होते ही दलों ने रणनीति तय करना शुरू कर दिया है। स्थानीय स्तर पर गठजोड़ और समीकरणों को लेकर पार्टियों में हलचल बढ़ गई है। इसी क्रम में वर्ली में हुई जिला समीक्षा बैठक में रायगड जिला नेतृत्व ने गठबंधन को लेकर साफ संकेत दे दिए हैं। अजित पवार और प्रदेशाध्यक्ष सुनील तटकरे की मौजूदगी वाली बैठक में रायगड के राकांपा (अजित) पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि उन्हें भाजपा के साथ चुनाव लड़ने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन शिवसेना (शिंदे) गुट के साथ गठबंधन मंजूर नहीं। स्थानीय नेताओं के इस रुख के बाद रायगड में महायुति में दरार की संभावनाएं उभर आई हैं।

### अजित पवार ने दिया स्थानीय निर्णय का संकेत



बैठक में पदाधिकारियों ने शिंदे गुट से दूरी और भाजपा के साथ चुनावी तालमेल का प्रस्ताव रखा। प्रतिक्रिया देते हुए अजित पवार ने कहा कि गठबंधन का फैसला स्थानीय स्तर पर लिया जाए। इससे संकेत मिल रहे हैं कि रायगड में अब अजित गुट के नेता अपने स्तर पर राजनीतिक साझेदारी तय करेंगे।

### गोगावले बनाम तटकरे की पुरानी तनातनी

रायगड में शिवसेना (शिंदे) के नेता भरत गोगावले और राकांपा (अजित) के सुनील तटकरे के बीच लंबे समय से राजनीतिक मुकाबला जारी है। दोनों नेताओं के बीच बयानबाजी भी तीखी रही है। गोगावले ने हाल ही में सीट बंटवारे का फार्मूला रखते हुए कहा था कि दलों के विधायकों की संख्या के आधार पर सीटें तय हों। इस प्रस्ताव को तटकरे ने खारिज करते हुए शिंदे गुट से गठबंधन न करने की बात कही थी।

# उद्धव-राज हुए एक तो टूटेगी एमवीए!

## कांग्रेस अकेले ही लड़ सकती है स्थानीय चुनाव

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों के बीच राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। इस बीच कांग्रेस के भीतर यह राय सामने आई है कि यदि शिवसेना (उद्धव) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के बीच गठबंधन होता है, तो पार्टी को अकेले चुनाव लड़ना चाहिए। मंगलवार को हुई प्रदेश कांग्रेस की बैठक में इस प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा हुई और माना गया कि ऐसी स्थिति में कांग्रेस को स्वतंत्र रणनीति अपनानी चाहिए।



### बैठक में बनी सहमति

मुंबई स्थित तिलक भवन में आयोजित इस बैठक में अधिकांश नेता इस बात पर सहमत दिखे कि यदि उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे मिलकर चुनाव लड़ते हैं, तो कांग्रेस को अलग राह चुननी चाहिए। नेताओं ने तर्क दिया कि स्थानीय निकाय चुनावों में कार्यकर्ताओं का मजबूत आधार और उनका प्रतिनिधित्व बेहद महत्वपूर्ण होता है, इसलिए पार्टी को अपने स्तर पर चुनाव लड़ना चाहिए।

### आलाकमान को भेजा जाएगा प्रस्ताव

निर्णय लिया गया कि मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल जल्द ही इस मुद्दे पर पार्टी हाईकमान से चर्चा करेंगे। नेताओं का मानना है कि भविष्य की रणनीति को लेकर केंद्रीय नेतृत्व को अवगत कराना आवश्यक है, ताकि चुनावी तैयारियों में कोई भ्रम न रहे।

### महाविकास आघाड़ी के प्रति स्पष्ट संकेत

मुंबई कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता सचिन सावंत ने मनसे का नाम लिए बिना कहा कि कांग्रेस महाविकास आघाड़ी और इंडिया गठबंधन के अलावा किसी अन्य पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। उनके बयान का सीधा संकेत यह है कि यदि उद्धव और राज ठाकरे साथ आते हैं, तो कांग्रेस अकेले चुनाव मैदान में उतरेगी। इससे पहले भी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भाई जगताप ने बीएमसी चुनाव में अकेले उतरने की बात कही थी।

### अल्पसंख्यक और उत्तर भारतीय वोट बैंक की चिंता

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक पार्टी को आशंका है कि मनसे के साथ गठबंधन से अल्पसंख्यक और उत्तर भारतीय मतदाताओं में नाराजगी बढ़ सकती है। यही कारण है कि पार्टी नेता इस गठजोड़ से दूरी बनाए रखने के पक्ष में हैं। पिछली मुंबई कांग्रेस बैठक में भी अकेले चुनाव लड़ने की मांग उठ चुकी है, जिससे स्पष्ट है कि कांग्रेस स्थानीय चुनावों में स्वतंत्र रुख अपनाने की ओर बढ़ रही है।

### ऑपरेशन सिंदूर' की तरह साथ आएं : सुले

सुले ने कहा कि महाराष्ट्र में महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, महाराष्ट्र भारी आर्थिक संकट से गुजर रहा है। यह केंद्र सरकार के आंकड़े हैं। महाराष्ट्र में अपराध बढ़े हैं। सुले ने कहा कि जिस तरह हम सब देश के हित में ऑपरेशन सिंदूर के लिए एक साथ आए थे, उसी तरह महाराष्ट्र को अब हमारी ज़रूरत है। महाराष्ट्र की आर्थिक और सामाजिक स्थिति के लिए एक विशेष सत्र बुलाएं। आइए चर्चा करें। महाराष्ट्र के हित के लिए ऐसा होना चाहिए। शरद पवार को ही महाविकास आघाड़ी का आर्किटेक्ट माना जाता है। 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद उद्धव ठाकरे को सीएम बनाने में उनकी ही रणनीति थी।



# नाम बदलने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज



**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम बदलकर डी.बी. पाटील के नाम करने की मांग वाली जनहित याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने स्पष्ट कहा कि इस तरह की सार्वजनिक परियोजनाओं के नामकरण या नाम बदलने के लिए न्यायालय निर्देश नहीं दे सकता। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड़ की पीठ ने कहा कि न्यायालय किसी भी परियोजना या संस्थान का नाम बदलने का निर्देश नहीं दे सकता। ऐसे फैसले पूरी तरह प्रशासनिक दायरे में आते हैं और सरकार के अधिकार क्षेत्र का हिस्सा हैं।

### क्या थी याचिका की मांग?

याचिका में केंद्र और नागरिक उड्डयन मंत्रालय को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम दिवंगत नेता डी.बी. पाटील के नाम पर रखने के लिए निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता प्रकाशजोत सामाजिक संस्था के अध्यक्ष विकास परशुराम पाटील ने दावा किया था कि यह कदम मुंबई और नवी मुंबई में संभावित अशांति रोकने के लिए आवश्यक है।

### सरकार का अधिकार क्षेत्र

पीठ ने टिप्पणी की कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय संबंधित नियमों और विधिक प्रावधानों के अनुसार निर्णय लेने का सक्षम प्राधिकारी है। प्रस्ताव महज इरादे की अभिव्यक्ति होते हैं, जबकि अंतिम निर्णय कानून और नीतियों के अनुरूप लिया जाता है।अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता किसी भी कानूनी रूप से लागू करने योग्य अधिकार या संबंधित कर्तव्य को साबित करने में विफल रहा। इसलिए न्यायालय इस मामले में हस्तक्षेप नहीं कर सकता और याचिका खारिज की जाती है।

# लोकतंत्र के तीनों स्तंभ मिलकर करें काम : सीजेआई गवई

**मुंबई।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी.आर. गवई ने कहा कि लोकतंत्र के सभी अंग–कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका–का उद्देश्य नागरिकों की भलाई करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी संस्था अलग-थलग रहकर काम नहीं कर सकती। महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एमएनएलयू), मुंबई के कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि संविधान में स्वतंत्रता, न्याय और समानता के सिद्धांत सन्निहित हैं। गवई ने कहा कि न्यायपालिका के पास न तलवार की शक्ति होती है और न ही धन की, इसलिए बुनियादी ढांचे और कानूनी शिक्षा के लिए कार्यपालिका का सहयोग आवश्यक है। सीजेआई गवई ने कहा कि उनका कार्यकाल इस महीने के अंत में समाप्त हो रहा है और इसके बाद न्यायमूर्ति सूर्यकांत देश के 53वें चीफ जस्टिस के रूप में पद संभालेंगे। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका को मजबूत और आधुनिक बनाने के प्रयास निरंतर जारी हैं और इसी दिशा में विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं।

### 'महाराष्ट्र सरकार न्यायिक ढांचे पर गंभीर'



कार्यक्रम में गवई ने आलोचनाओं को खारिज करते हुए कहा कि न्यायिक बुनियादी ढांचे को लेकर महाराष्ट्र सरकार कमजोर नहीं है। उन्होंने राज्य सरकार और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की प्रशंसा करते हुए कहा कि महाराष्ट्र में न्यायपालिका को मिला बुनियादी ढांचा देश में सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने कहा कि कानून लगातार विकसित होने वाला क्षेत्र है और विधिक शिक्षा में भी तेजी से सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं।

### 'आज का विधि बुनियादी ढांचा विश्वस्तरीय'

सीजेआई ने कहा कि विधि शिक्षा अब अधिक व्यावहारिक और तकनीक आधारित हो चुकी है, ऐसे में आधुनिक बुनियादी ढांचा महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि आज भारत में जो विधिक ढांचा बनाया जा रहा है, वह दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों की बराबरी कर रहा है और आने वाले समय में भारतीय विधि संस्थान वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान मजबूत करेंगे।

### 'वकील सिर्फ वकील नहीं, सामाजिक इंजीनियर भी'

बाबासाहेब आंबेडकर का उल्लेख करते हुए गवई ने कहा कि एक वकील सामाजिक न्याय को साकार करने वाला सामाजिक इंजीनियर होता है। इस अवसर पर फडणवीस ने भी गवई के योगदान की सराहना की और कहा कि महाराष्ट्र में मौजूद तीन राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। फडणवीस ने जानकारी दी कि नवी मुंबई के एजुसिटी केंद्र में दुनिया के 12 शीर्ष विश्वविद्यालय स्थापित होने जा रहे हैं।

# फिर हादसे की शिकार हुई मोनोरेल

## वडाला- जीबीटी नगर के बीच ट्रैक से गिरकर लटकी बोगी

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई में वडाला-जीटीबी मोनोरेल स्टेशन के पास एक मोनोरेल का डिब्बा पटरी से उतरकर झुक गया। यह घटना गुरुवार सुबह करीब 9 बजे हुई। हादसा उस समय हुआ जब मोनोरेल पटरी बदल रही थी। नियंत्रण प्रभारी रोहन सालुंखे के अनुसार, यह दुर्घटना तकनीकी खराबी के चलते परीक्षण के दौरान हुई।

वक्ता ने बताया कि घटना के समय ट्रेन में कोई यात्री नहीं था, जिससे बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। मोनोरेल कर्मचारियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला। बीएमसी आपदा प्रबंधन और मुंबई फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई।



### तकनीकी दिक्कतों से जूझ रही मोनोरेल सेवा

पिछले कुछ समय से मुंबई मोनोरेल तकनीकी समस्याओं का सामना कर रही है। 20 अगस्त को भारी बारिश में चेंबूर और भक्ति पार्क के बीच ट्रेन फंसने से 500 से अधिक यात्रियों को बचाना पड़ा था। इसके बाद 15 सितंबर को भी वडाला के पास सॉफ्टवेयर खराबी के कारण 17 यात्रियों को आपात स्थिति में उतारना पड़ा था। हालिया हादसा इस प्रणाली की सुरक्षा और प्रबंधन पर फिर सवाल खड़े करता है।

### सेवा पहले से बंद, चल रही थी टेस्टिंग

भारी बारिश के कारण मोनोरेल सेवा पहले से बंद थी और यात्री सुविधा प्रभावित थी। ट्रेनिंग और सिस्टम चेक के तहत वाहनों की सर्विसिंग जारी थी। हादसा इसी ट्रायल रन के दौरान हुआ, जिसमें तकनीकी समस्या के चलते कोच ट्रैक से फिसल गया। अधिकारियों ने बताया कि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। शुरुआती अनुमान के अनुसार, तकनीकी खराबी इसका कारण है। मामले में विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है ताकि खराबी की सही वजह का पता लगाया जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# संजय राऊत अस्पताल में भर्ती

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राऊत की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें बुधवार को इलाज के लिए भांडुप के फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है और उनका चेकअप किया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से उनका इलाज चल रहा था। सेहत के चलते उन्होंने फछले कुछ दिनों से सार्वजनिक व राजनीतिक कार्यक्रमों से दूरी बना ली थी। हाल में उन्होंने डॉक्टरों की सलाह पर दो महीने विश्राम करने की जानकारी दी थी। एन निकाय चुनाव के मौके पर उनकी तबीयत बिगड़ना ठाकरे गुट के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। फिलहाल वे इलाज के लिए फोर्टिस अस्पताल में भर्ती हुआ हैं। कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। राऊत ने सोशल मीडिया पर अपने स्वास्थ्य की जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि उनकी सेहत में कुछ गंभीर समस्याएं आ गई हैं और उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संदेश दिया है कि जय महाराष्ट्र! आपने हमेशा मुझ पर विश्वास किया है और मुझे प्यार दिया है। मैं जल्द ही ठीक हो जाऊंगा। डॉक्टरों ने उन्हें बाहर जाने और भीड़-भाड़ में जाने से बचने की सलाह दी है। लेकिन नए साल में मैं आपसे फिर मिलूंगा।



# मालवणी, अंबोजवाड़ी क्षेत्र में बेदखली अभियान

## 10,000 वर्ग मीटर सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त

दीपक पवार । मुंबई

मुंबई उपनगरीय जिले के मालवणी क्षेत्र में सरकारी जमीन और संरक्षित मैंग्रोव क्षेत्र पर हुए अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। भूमि क्रमांक 2670 और 1916 सहित मैंग्रोव क्षेत्र से सटे हिस्सों में किए गए अवैध कब्जों को हटाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए। इस अभियान में 280 से अधिक अतिक्रमण हटाकर करीब 10,000 वर्ग मीटर सरकारी भूमि को मुक्त कराया गया।



### भविष्य में भी जारी रहेगा सख्त रुख

अतिरिक्त जिला कलेक्टर गणेश मिसाल ने साफ कहा कि सरकारी भूमि और संरक्षित वन क्षेत्रों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन की यह कार्रवाई आगे भी इसी सख्ती के साथ जारी रहेगी, ताकि पर्यावरण और सरकारी संपत्ति की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### झुग्गी संरक्षण नीति के बावजूद बढ़ता अतिक्रमण

महाराष्ट्र सरकार ने वर्ष 2000 तक की झुग्गियों को संरक्षण और 2011 तक की झुग्गियों को सशुल्क संरक्षण देने का प्रावधान किया है। इसके बावजूद निशुल्क मकान पाने की उम्मीद में सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। प्रशासन को इस संबंध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से कई शिकायतें मिली थीं। इसी के बाद झुग्गी पुनर्विकास प्राधिकरण के सीईओ महेंद्र कल्याणकर और मुंबई उपनगरीय जिले के कलेक्टर सौरभ कटियार ने संबंधित एजेंसियों को सख्त कार्रवाई और एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।

### प्रशासन, बीएमसी और पुलिस का संयुक्त अभियान

निर्देशों के अनुसार पश्चिमी उपनगर के अतिरिक्त जिला कलेक्टर गणेश मिसाल और मलाड के प्रभारी उप जिला कलेक्टर विनायक पाडवी ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका व मालवणी पुलिस स्टेशन की सहायता से 3 और 4 नवंबर 2025 को यह अभियान संचालित किया। यह कार्रवाई उच्चस्तरीय समन्वय और सुरक्षा व्यवस्था के बीच की गई।

### 2-3 मंजिला संरचनाएं भी ढहीं

अभियान के दौरान लगभग 280 झोपड़ियां और 2-3 मंजिला अवैध कंक्रीट संरचनाएं ध्वस्त की गईं। अली झील के आसपास बने अवैध ढांचे भी हटाए गए, जिससे प्राकृतिक जलाशय को अतिक्रमण मुक्त किया गया। पहली बार 2011 के बाद अतिक्रमण की पहचान के लिए उपग्रह चित्रों का इस्तेमाल किया गया। प्रशासन ने चेतावनी दी कि भविष्य में मिले अतिक्रमणों को भी आधुनिक तकनीक से चिन्हित कर हटाया जाएगा और उसका खर्च अतिक्रमणकर्ताओं से वसूला जाएगा।

# 13 करोड़ मूल्य का नशीला पदार्थ गिरफ्तार

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई एयरपोर्ट पर पांच अलग-अलग मामलों में बड़ी सफलता हासिल की है। कस्टम टीम ने कुल 13 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का हाइड्रोपोनिक वीड (मारिजुआना) और 87 लाख रुपये की विदेशी मुद्रा जब्त की। इस कार्रवाई में पांच यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है। विभाग को यह सफलता एक से चार नवंबर तक एयरपोर्ट पर की गई विशेष निगरानी के दौरान मिली। पहले दिन कोलंबो से आए एक यात्री के ट्रॉली बैग से 2.568 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड बरामद किया गया, जिसकी कीमत लगभग 2.56 करोड़ रुपये है। दूसरे दिन बैंकॉक से आए यात्री के चॉकलेट और चिप्स पैकेट में 2.39 किलोग्राम ड्रग्स मिले, जिसकी कीमत लगभग 2.39 करोड़ रुपये है।

**न्यू वीनस को-ऑपरेटिव हाउज़िंग सोसाइटी लिमिटेड**
सांघवी नगर के पीछे, मीरा-भायंदर रोड, मीरा रोड (पूर्व), ठाणे – 401107
पंजीकरण क्रमांकः T.N.A. (TNAHSG/TC/19376/2008) दिनांक 30.01.2008

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि सहकारिता संघों के उपनिबंधक कार्यालय, कोंकण भवन, बेलापूर द्वारा जारी आदेशानुसार, सोसाइटी ने शेयर सर्टिफिकेट क्रमांक 14 (क्रमांक 66 से 70), जो कि फ्लैट नंबर A-204 से संबंधित है, का हस्तांतरण श्री मुकेश कुमार सिन्हा एवं श्रीमती नूतन सिन्हा से श्रीमती नूतन सिन्हा के नाम करने की स्वीकृति प्रदान की है।
कोई भी व्यक्ति जिसे उक्त शेयर सर्टिफिकेट या संपत्ति के संबंध में कोई दावा, आपत्ति या रुचि हो, वह अपनी लिखित आपत्ति तथा आवश्यक समर्थनकारी दस्तावेज़ों सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 21 (इक्कीस) दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत करें।
यदि निर्धारित अवधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो सोसाइटी महाराष्ट्र सहकारी सोसाइटी अधिनियम तथा उपनिबंधक के आदेश के अनुसार उक्त हस्तांतरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाएगी।

दिनांकः 06/11/2025
प्रबंध समिति के आदेशानुसार
न्यू वीनस को-ऑपरेटिव हाउज़िंग सोसाइटी लिमिटेड
अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष

# ओडिशा से मुंबई के वांछित ड्रग्स आरोपी की गिरफ्तारी

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल (एएनसी) ने लंबे समय से फरार चल रहे ड्रग्स आरोपी अहमद मोहम्मद शफी शेख उर्फ अकबर खाऊ को ओडिशा से गिरफ्तार कर लिया। अकबर खाऊ ड्रग्स तस्करी में आदतन अपराधी माना जाता है और मुंबई के ड्रग नेटवर्क में सक्रिय था।



### 64 ग्राम एमडी बरामद, पहला आरोपी पहले ही पकड़ा गया

घाटकोपर एएनसी यूनिट ने हाल ही में 64 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी) बरामद की थी, जिसकी कीमत लगभग 12.8 लाख रुपए है। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। इस कार्रवाई के दौरान सबसे पहले फरीद रहमतुल्ला शेख उर्फ फरीद चूहा को गिरफ्तार किया गया था। जांच के दौरान अकबर खाऊ का नाम सामने आया और उसके फरार होने की पुष्टि हुई।

### गुप्त सूचना पर ओडिशा में दबोचा गया आरोपी

एएनसी को गुप्त सूचना मिली कि अकबर खाऊ ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के राजगांगपुर में छिपा है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एक टीम ओडिशा गई और 1 नवंबर को रब्बानी चौक इलाके से उसे गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई एएनसी टीम की रणनीतिक और समन्वित तैयारी का हिस्सा थी।

### ड्रग नेटवर्क पर बड़ा वार, आगे की जांच जारी

पुलिस के अनुसार अकबर खाऊ फरीद चूहा के साथ मिलकर ड्रग्स की सप्लाई और वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता था। अब तक इस मामले में दो आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं और 64 ग्राम एमडी बरामद हुई है। पुलिस को शक है कि इस नेटवर्क में और भी लोग शामिल हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। एएनसी ने इसे बड़ी सफलता बताया और कहा कि ड्रग्स माफिया के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी।

### ट्रांजिट रिमांड के बाद मुंबई लाया गया

स्थानीय अदालत से ट्रांजिट रिमांड मिलने के बाद आरोपी को मुंबई लाया गया। यहां उसे सेशन कोर्ट में पेश किया गया, जहां अदालत ने उसे 7 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस अब उससे नेटवर्क, सप्लायर और ग्राहकों के बारे में पूछताछ कर रही है।

**कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, कल्याण**
**समाज विकास विभाग**
**निविदा सूचना क. ०५ सन- (२०२५-२६)**

आयुक्त, कल्याण डोबिवली महानगरपालिका समाज विकास विभागामार्फत महापालिका क्षेत्रातील दिव्यांगाकरीता सांस्कृतिक कार्यक्रमाचे आयोजन इव्हेंट मॅनेजमेंट संस्था यांचेकडून आयोजन करणेकामी 'ई'-टेंडरिंग पध्दतीने दोन लिफाप्याद्वारे निविदा मागविणेत येत आहे.

| अ. क. | निविदा कामाचे नांव/स्वरुप/तपशील | निविदा अनामत रक्कम | निविदा अर्ज विकी किंमत |
|---|---|---|---|
| १ | दिव्यांगाकरीता सांस्कृतिक कार्यक्रमाचे आयोजन करणे | रु.५६०००/- | रु. ४७२० (जी.एस.टी. सह.) |

१) इच्छुक ठेकेदारांना/संस्थाना www.mahatenders.gov.in या संकेत स्थळावरुन ही निविदा खरेदी करुन भरता येतील.
२) निविदा अर्जाची विकी दि.०६/११/२०२५ ते दि.१३/११/२०२५ पर्यंत दुपारी ४.०० वाजेपर्यंत उपलब्ध राहील.
३) निविदा भरण्याची दि.०६/११/२०२५ ते दि.१३/११/२०२५ पर्यंत दुपारी ४.०० वाजेपर्यंत राहील.
४) www.mahatenders.gov.in या संकेत स्थळावरच विकी व स्विकृती केली जाईल याची नोंद घ्यावी. तसेच प्राप्त निविदा दि.१४/११/२०२५ स. १४.०० वाजता नागरी सुविधा केंद्र 'ई-टेंडरींग' विभागात उपस्थित निविदाकार किंवा त्यांचे प्रतिनिधी यांचे समक्ष उघडण्यात येतील.
५) एक अथवा सर्व निविदा कोणतेही कारण न देता नाकारण्याचे अधिकार मा. आयुक्त, कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, कल्याण यांनी राखून ठेवले आहेत.

कडोंमपा /जसंवि/मुका/६२१
दिनांक :- ०४/११/२०२५

सही/-
(संजय जाधव)
उप आयुक्त, (सविवि)
कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका.

## संपादकीय

# भयावह असमानता

उदारीकरण व वैश्वीकरण के दौर के बाद पूरी दुनिया में आर्थिक असमानता अपने चरम पर जा पहुंची है। एक तरफ लोग मूलभूत सुविधाओं के अभाव में सड़कों पर उतर रहे हैं तो दूसरी ओर अमीर से और अमीर होते लोगों की विलासिता के किस्से तमाम हैं। जिस बात की पुष्टि स्वतंत्र विशेषज्ञों के जी-20 पैनल द्वारा किए एक अध्ययन के निष्कर्षों में की गई है। इस अध्ययन के अनुसार, वर्तमान में वैश्विक स्तर पर असमानता भयावह स्तर तक जा पहुंची है। आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2000 और 2024 के बीच दुनिया भर में बनी नई संपत्तियों का बड़ा हिस्सा दुनिया के सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों के पास है। जबकि निचले स्तर की आधी आबादी के हिस्से में एक प्रतिशत ही आया है। निस्संदेह, भारत भी इस स्थिति में अपवाद नहीं है। देश के सबसे अमीर एक फीसदी लोगों ने केवल दो दशक में अपनी संपत्ति में 62 फीसदी की वृद्धि की है। दुनिया की इस चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में अमीर लगातार अमीर होते जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर गरीब गुरबत के दलदल से बाहर आने के लिए छटपटा रहे हैं। इस आर्थिक असमानता का ही नतीजा है कि अमीर व गरीब के बीच संसाधनों का असमान वितरण और बदतर स्थिति में पहुंच गया है। निस्संदेह, पैनल की हालिया रिपोर्ट नीति-निर्माताओं को असमानता के इस बढ़ते अंतर को पाटने के तरीके तलाशने और नये साधन खोजने के लिये प्रेरित करेगी। पिछले ही हफ्ते, केरल सरकार ने दावा किया था कि राज्य ने अत्यधिक गरीब तबके की गरीबी का उन्मूलन कर दिया है। हालांकि, कुछ विशेषज्ञों ने इन दावों को लेकर संदेह जताया है। वहीं दूसरी ओर राज्य के विपक्ष ने भी इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। लेकिन इसके बावजूद राज्य में जन-केंद्रित विकास और सामुदायिक भागीदारी के लाभों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। निस्संदेह, इस पहल ने हजारों अत्यंत गरीब परिवारों को भोजन, स्वास्थ्य सेवा और आजीविका के बेहतर साधनों तक पहुंचने में मदद की है। इसमें दो राय नहीं कि यदि सरकारें वोट बैंक की राजनीति से इतर ईमानदारी से पहले करें तो गरीबी उन्मूलन की दिशा में सार्थक पहल की जा सकती है। चुनाव से पहले मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की तेजी से बढ़ती प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। यह एक हकीकत है कि कोई भी सुविधा मुफ्त नहीं हो सकती। इस तरह की लोकलुभावनी कोशिशों से राज्यों का वित्तीय घाटा ही प्रभावित होता है। जिसकी कीमत लोगों को विकास योजनाओं से दूर रहकर ही चुकानी पड़ती है। जनता को मुफ्त में सुविधाएं देने के बजाय ऋण व अनुदान से उत्पादकता बढ़ाकर उन्हें स्वावलंबी बनाना होगा। प्रत्येक चिन्हित गरीब परिवार के लिए सूक्ष्म योजनाएं तैयार करना और उन्हें क्रियान्वित करना उचित होगा। निस्संदेह, देश के अन्य राज्य भी अपनी जरूरतों और परिस्थितियों के अनुसार केरल के मॉडल को अपना सकते हैं। इसमें केंद्र व राज्य सरकारों को अनुकूल आंकड़ों का सहारा लेना भी जरूरी होगा। इस साल की शुरुआत में, विश्व बैंक ने बताया था कि भारत 2011-12 और 2022-23 के बीच 17 करोड़ लोगों को गरीबी की दलदल से बाहर निकालने में सफल रहा है। केंद्र सरकार ने अपने काम के लिये खुद की पीठ भी थपथपाई थी। हालांकि, गरीबी के अनुमानों की रिपोर्टिंग की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाये गए थे। निर्विवाद रूप से सभी हितधारकों को यह तथ्य समझना होगा कि केवल संख्याएं ही पूरी तस्वीर को नहीं उकेर सकती हैं। गरीबी कम करने के प्रयासों के दावों के मुताबिक जमीनी स्तर पर गुणात्मक बदलाव नजर भी आना चाहिए। हालांकि, अर्थशास्त्री आमतौर पर संपत्ति कर लगाने के पक्षधर नहीं होते हैं, लेकिन सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अति-धनी लोग सरकारी खजाने में अपना उचित योगदान दें।

## शख्सियत | यशवंत सिन्हा

### स्वदेशी सुधारक राजनीतिज्ञ



यशवंत सिन्हा (जन्म 6 नवंबर 1937) एक भारतीय राजनीतिज्ञ और सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं। उन्होंने 1990 से 1991 तक प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के अधीन और फिर मार्च 1998 से जुलाई 2002 तक प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के अधीन वित मंत्री के रूप में कार्य किया। उन्होंने जुलाई 2002 से मई 2004 तक विदेश मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

सिन्हा का जन्म बिहार के पटना में एक कायस्थ परिवार में हुआ था। उन्होंने पटना विश्वविद्यालय से बीए ऑनर्स (इतिहास) में स्नातक किया। उन्होंने 1958 में राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद, उन्होंने 1962 तक पटना विश्वविद्यालय में इस विषय का अध्यापन किया। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 12वीं रैंक हासिल करने के बाद, सिन्हा 1960 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल हुए और अपने कार्यकाल के दौरान 24 वर्षों से अधिक समय तक महत्वपूर्ण पदों पर रहे। उन्होंने 4 वर्षों तक उप-विभागीय मजिस्ट्रेट और जिला मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य किया। वे 2 वर्षों तक बिहार सरकार के वित्त विभाग में अवर सचिव और उप सचिव रहे, जिसके बाद उन्होंने भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय में उप सचिव के रूप में कार्य किया। 1971 से 1973 तक, वे पश्चिम जर्मनी के बॉन स्थित भारतीय दूतावास में प्रथम सचिव (वाणिज्यिक) रहे। इसके बाद, उन्होंने 1973 से 1974 तक फ्रैंकफर्ट में भारत के महावाणिज्य दूत के रूप में कार्य किया। इस क्षेत्र में सात वर्षों से अधिक समय तक कार्य करने के बाद, उन्होंने विदेशी व्यापार और यूरोपीय आर्थिक समुदाय के साथ भारत के संबंधों से संबंधित मामलों में अनुभव प्राप्त किया। इसके बाद, उन्होंने बिहार राज्य सरकार के औद्योगिक अवसंरचना विभाग और भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय में विदेशी औद्योगिक सहयोग, प्रौद्योगिकी आयात, बौद्धिक संपदा अधिकार और औद्योगिक अनुमोदन से संबंधित कार्य किया।

बाद में वे 1980 से 1984 तक भूतल परिवहन मंत्रालय में भारत सरकार के संयुक्त सचिव रहे, उनकी मुख्य ज़िम्मेदारियाँ सड़क परिवहन, बंदरगाह और जहाजरानी थीं। उन्होंने 1984 में सेवा से इस्तीफा दे दिया। सिन्हा 1 जुलाई 2002 तक वित्त मंत्री थे, जब उन्होंने विदेश मंत्री जसवंत सिंह के साथ नौकरियों का आदान-प्रदान किया। सिन्हा को अपने कार्यकाल के दौरान अपनी सरकार की कुछ प्रमुख नीतिगत पहलों को वापस लेने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिसके लिए उनकी बहुत आलोचना हुई। फिर भी, सिन्हा को कई प्रमुख सुधार उपायों को आगे बढ़ाने का श्रेय दिया जाता है, जिसने भारतीय अर्थव्यवस्था को एक मजबूत विकास पथ पर रखा। उनमें से वास्तविक ब्याज दरों को कम करना, बंधक ब्याज के लिए कर कटौती शुरू करना, दूरसंचार क्षेत्र को मुक्त करना, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को निधि देने में मदद करना और पेट्रोलियम उद्योग को विनियमित करना शामिल है। सिन्हा को स्थानीय समयानुसार शाम 5 बजे भारतीय बजट पेश करने की 53 साल की परंपरा को तोड़ने वाले पहले वित्त मंत्री के रूप में भी जाना जाता है, यह प्रथा ब्रिटिश शासन के दिनों से चली आ रही थी।

सिन्हा ने वित्त मंत्री के रूप में अपने वर्षों का एक व्यापक विवरण लिखा है जिसका शीर्षक है स्वदेशी सुधारक की स्वीकारोक्ति। यशवंत सिन्हा पर विरोधियों और अन्य राजनीतिक पर्यवेक्षकों द्वारा आरोप लगाया गया है कि उन्होंने अपने बेटे जयंत सिन्हा को हजारीबाग से चुनाव लड़ने के लिए उत्तराधिकारी के रूप में नामित करके भाई-भतीजावाद को बढ़ावा देने की कोशिश की है, जबकि उन्होंने कई अन्य वफादार पार्टी कार्यकर्ताओं के हितों की अनदेखी की है, हालांकि उन्होंने अपने बेटे के नामांकन को पार्टी के फैसले के रूप में उचित ठहराने की कोशिश की।

2015 में, उन्हें फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, ऑफ़िसियर डे ला लीजन डी'होनूर से सम्मानित किया गया।





# जयोस्तुते
भाग-48

# मधु-रस

डॉक्टर हेडगेवार द्वारा बोए गए और गुरुजी द्वारा पल्लवित किए गए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को उसकी मूल विचारधारा को तनिक भी आघात न पहुंचाते हुए आधुनिकता का स्पर्श देकर और अधिक जनोन्मुखी बनाने का कार्य संघ के तृतीय सरसंघचालक बालासाहेब देवरस ने किया। बालासाहेब केवल दूरदर्शी ही नहीं थे, बल्कि अत्यंत कुशल संगठनकर्ता भी थे। यहां तक कि उनमें विरोधी विचारधारा वाले नेताओं को भी अपने साथ लाने का कौशल था। इसीलिए संगठन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बालासाहेब कहा करते थे, ''किसी भी संगठन को कोई एक व्यक्ति कभी भी अलग दिशा नहीं दे सकता। यह एक सामूहिक प्रयास होता है। यदि कोई व्यक्ति ऐसा परिवर्तन अकेले लाने पर जोर देने लगे, तो तानाशाही पैदा होगी। संघ को यह कतई स्वीकार्य नहीं है।''



**मूल लेख : अवधूत वाघ**



(मुंबई के प्रथम आरएसएस संघचालक स्व. दादा राव नाईक की महान विरासत को जारी रखने और युवावस्था में आरएसएस और एवीबीपी से जुड़कर गर्व महसूस करनेवाले सारस्वत बैंक के पूर्व निदेशक अवधूत वाघ महाराष्ट्र भाजपा के राज्य प्रवक्ता हैं। वीजेटीआई से 1981 बैच के इंजीनियरिंग स्नातक और जमनालाल बजाज संस्थान से 1987 बैच के वित्तीय प्रबंधन में परा-स्नातक अवधूत वाघ एक शिक्षाविद् होने के साथ-साथ प्रखर समाजसेवी हैं। जल संसाधन क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करनेवाले चार्टर्ड इंजीनियर वाघ को भारत में पेट्रोलियम रिफाइनरियों में वीओसी संग्रह और निष्कासन प्रणाली के लिए आयात विकल्प प्रौद्योगिकी को डिजाइन करने का श्रेय जाता है। मंझे हुए कबड्डी खिलाड़ी और कवि-लेखक अवधूत वाघ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर सिलसिलेवार ब्लॉग लिखकर भ्रांतियों को ध्वस्त करने और तथ्यों को सरल तरीके से सामने लाने का काम किया है।)



बालासाहेब सरसंघचालक थे, जबकि लोकनायक जयप्रकाश नारायण कट्टर समाजवादी विचारधारा वाले। परंतु 1974 में यानी आपातकाल के पूर्वार्ध में जब जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में संपूर्ण क्रांति का आंदोलन देशभर में जोर पकड़ रहा था, तब बालासाहेब ने अपने वैचारिक मतभेद को दरकिनार कर अत्यंत उदार हृदय से कहा, ''अत्यंत कठिन समय में, जब चारों ओर अंधकार छाया है, तब जयप्रकाशजी के रूप में एक संत इस देश की रक्षा हेतु आगे आया है।'' अति उग्र विचारधारा रखने वाले बालासाहेब ने जयप्रकाशजी का खुले दिल से स्वागत किया और उन्हें 'संत' की उपाधि दी, जो उनकी विशाल हृदयता को दर्शाता है। इस व्यवहार से बालासाहेब ने जयप्रकाशजी का हृदय जीत लिया। आगे चलकर एक सभा में जयप्रकाश नारायण ने सार्वजनिक रूप से कहा, ''यदि जनसंघ जातिवादी है, तो मैं भी जातिवादी हूं।'' वे यहीं नहीं रुके, बल्कि आगे कहा, ''राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक क्रांतिकारी संगठन है। इस देश में ऐसा कोई भी संगठन नहीं है जो इसके आसपास भी पहुंच सके।'' विरोधियों को भी अपने पक्ष में लाने की बालासाहेब की यही अद्भुत शैली आगे चलकर जनता पार्टी की स्थापना में काम आई।

अन्य सभी सरसंघचालकों की भांति बालासाहेब भी अपने सहयोगियों को अत्यंत मान-सम्मान और कार्य करने की स्वतंत्रता देते थे। आपातकाल के दौरान जब वे येरवडा जेल में थे, तब एक दल के नेता ने उनसे पूछा, ''आप तो जेल में हैं, फिर भी बाहर संघ का कार्य इतनी सुचारु रूप से कैसे चल रहा है?'' उस समय बालासाहेब का उत्तर अत्यंत सटीक और संघ की वास्तविक संगठन शक्ति को उजागर करने वाला था। बालासाहेब ने कहा, ''उन्होंने तो केवल एक सरसंघचालक को जेल में डाला है, बाहर चार सरसंघचालक काम कर रहे हैं।'' इस कथन से उन्होंने यह दिखा दिया कि संघ के सहकार्यवाह और सहसरकार्यवाहों की क्षमता, अनुभव, अधिकार और शक्ति सरसंघचालक के समान ही है।

आपातकाल के 19 महीनों तक जेल में रहने के बाद जब वे रिहा हुए तब क्षमाशील बालासाहेब ने कहा, ''सब कुछ भूल जाओ और गलती करने वालों को क्षमा कर दो।''

समाज में व्याप्त जाति व्यवस्था पर प्रहार करते हुए बालासाहेब ने कहा है, ''समाज को बनाए रखने के लिए जिस जाति या वर्ण व्यवस्था की बात कही जाती थी, वह आज अस्तित्व में ही नहीं है। जो कुछ भी आज है, वह अव्यवस्था है, विकृति है। इसका समाज की अवधारणा से कोई लेना-देना नहीं रहा है।''

इस संदर्भ में समाधान बताते हुए वे कहते हैं, ''जब तक जातिभेद समाप्त नहीं होता, तब तक हिंदू एकता कठिन है। अस्पृश्यता मानवता पर लगा कलंक है। अस्पृश्यता एक भूल है अर्थात उसे जड़ से समाप्त कर देना चाहिए। वर्ण और जाति व्यवस्था के कारण जो सामाजिक विषमता हम अनुभव करते हैं, वह दुखद है। यह विषमता समाप्त होनी ही चाहिए। इस विषमता के कारण समाज में विघटन और दुर्बलता आई है। इसे हमें समझना होगा।''

आज केंद्र और कुछ राज्यों में हिंदू मतों के ध्रुवीकरण के सकारात्मक परिणाम दिख रहे हैं, जिसकी शुरूआत बालासाहेब ने की थी। 1984 के चुनाव में उन्होंने 'हिंदू वोट बैंक' की संकल्पना रखी। 4 अक्टूबर 1984 को विजयादशमी के अवसर पर दिए गए भाषण में उन्होंने कहा, ''सार्वत्रिक चुनाव नजदीक आ रहे हैं। इस चुनाव में हिंदुओं को अपने संप्रदाय, भाषा और जातीय अभिमान से प्रेरित हुए बिना राष्ट्रीय हित के आधार पर मतदान करना चाहिए। किसी भी हिंदू का मत हिंदू विरोधी व्यक्ति को कभी नहीं जाना चाहिए।''

हमें कैसी सामाजिक व्यवस्था चाहिए इसे समझाते हुए बालासाहेब स्पष्ट करते हैं, ''जब-जब सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था में परिवर्तन की बात आती है, तब हमारा दृष्टिकोण 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः' का होना चाहिए। इसका अर्थ है कि प्रत्येक व्यक्ति सुखी और निरोगी हो। यही हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। यह सुभाषित हमारी सामाजिक-आर्थिक विचारधारा की नींव है। हमें एक ऐसी सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था चाहिए जो शोषणमुक्त और समता से परिपूर्ण हो।''

संघ शाखा का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए बालासाहेब कहते हैं, ''संघ की शाखा केवल खेल खेलने या परेड आयोजित करने का स्थान नहीं है, बल्कि यह सज्जनों की सुरक्षा का एक मौन संकल्प है। यह युवाओं को बुरी आदतों से दूर रखने वाला संस्कार मंच है। यह संकट के समय बिना किसी अपेक्षा के तुरंत सहायता देने वाला आशा का केंद्र है। यह महिलाओं की निर्भयता और उनके प्रति शिष्ट व्यवहार का आश्वासन है। यह राष्ट्रविरोधी शक्तियों को नियंत्रण में रखने वाली शक्ति है। और सबसे महत्वपूर्ण बात - यह एक ऐसा विश्वविद्यालय है जो समाज के विभिन्न क्षेत्रों में संस्कारित और सभ्य नागरिक तैयार करने हेतु सामान्य नागरिकों को प्रशिक्षण देता है।''

'हेल्प योर सेल्फ'- अर्थात स्वयं की सहायता स्वयं करने की आवश्यकता पर बल देते हुए बालासाहेब कहते हैं, ''संघ को हिंदू समाज को सक्षम बनाना है। संघ चाहता है कि यह शक्ति समाज में नैसर्गिक रूप से सदैव बनी रहे। यदि समाज को हमेशा किसी बाहरी संस्था या संगठन से सुरक्षा मिलती रहे, तो यह उचित नहीं है। समाज को अपनी समस्याओं का समाधान स्वयं करना चाहिए। संघ इसी नैसर्गिक शक्ति को जागृत कर रहा है।''डॉक्टर और गुरुजी के प्रत्यक्ष सान्निध्य में रहे और उन्हीं की परिपक्व शिक्षाओं से बढ़े-गढ़े गए बालासाहेब देवरस को उनके कुशल संगठन कौशल के साथ-साथ तीव्र बुद्धिमत्ता और दूरदृष्टि का साथ मिला, और इसी के चलते उनके सरसंघचालक काल में संघ ने नए शीर्ष को छुआ।

**क्रमशः**

**अनुसर्जन : श्वेता शालिनी**



(श्री हरि के आनंद-अश्रु से उपजी पापनाशिनी सरिता 'मां सरयू' की सेवा में समर्पित अपने परिवार की शुचिता और सेवा की विरासत को बखूबी सहेजनेवाली श्वेता शालिनी महाराष्ट्र भाजपा की प्रवक्ता और सोशल मीडिया प्रकोष्ठ की प्रभारी हैं। इससे पूर्व सचिव और भाजपा उत्तर भारतीय प्रकोष्ठ की महाराष्ट्र प्रभारी की जिम्मेदारियों का उल्लेखनीय निर्वाह कर चुकी श्वेता शालिनी इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की उच्च शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ एक सफल उद्यमी हैं। महाराष्ट्र सरकार गठित सेक्शन 8 कंपनी वीएसटीएफ की पूर्व कार्यकारी निदेशक भी रह चुकी हैं। एक प्रखर वक्ता के रूप में विशेष मुकाम रखनेवाली श्वेता शालिनी दर्शनशास्त्र, जीवन-शास्त्र और अर्थशास्त्र जैसे गूढ़ विषयों पर लिखनेवाली एक प्रतिष्ठित स्तंभकार होने के साथ-साथ युवाओं, महिलाओं और विशेषकर ग्रामीणों के उत्थान में कार्य करने के लिए प्रसिद्ध हैं। अनुसर्जन का यह उनका पहला प्रयोग है।)

(यह कॉलम हर उस इंसान के लिए है जो संघ को समझना चाहता है, फिर वह समर्थन में हो या विरोध में : संपादक)

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# कर्म यात्राः इच्छा से विश्वास तक

मनुष्य का जीवन कर्मों की बुनियाद पर टिका होता है। उसके कर्म ही उसके भाग्य, चरित्र और सफलता का निर्धारण करते हैं। हर व्यक्ति जीवन में निरंतर कर्म करता है, परंतु उन कर्मों की भावना ही उसके जीवन की दिशा तय करती है। कर्म दो प्रकार के होते हैं — सकाम और निष्काम। जहाँ सकाम कर्म फल की इच्छा से प्रेरित होते हैं, वहीं निष्काम कर्म केवल कर्तव्य और सेवा की भावना से किए जाते हैं। निष्काम भाव ही जीवन को सच्ची शांति और संतुलन प्रदान करता है। यही भाव मनुष्य को आंतरिक दृढ़ता और आध्यात्मिक ऊँचाई की ओर ले जाता है, क्योंकि जब व्यक्ति अपने कर्म को ईश्वरार्पण की भावना से करता है, तो उसके भीतर से भय, संदेह और असुरक्षा समाप्त हो जाती है।

सकाम कर्म इच्छा और अपेक्षा से प्रेरित होते हैं। ऐसा व्यक्ति प्रयास तो करता है, लेकिन उसकी मेहनत का केंद्र उसका स्वार्थ या व्यक्तिगत लाभ होता है। सफलता मिलने पर वह आनंदित होता है, पर असफलता उसे दुखी कर देती है। उसकी खुशी परिणाम पर निर्भर करती है, जिससे वह निरंतर अस्थिरता और चिंता में जीता है। इस प्रकार के कर्म व्यक्ति को मोह और निराशा के जाल में बाँध देते हैं, जहाँ सुख क्षणिक और असफलता स्थायी पीड़ा बन जाती है। ऐसे लोग अक्सर बाहरी उपलब्धियों को ही जीवन की सफलता समझते हैं, लेकिन भीतर से वे खाली और असंतुष्ट बने रहते हैं। क्योंकि उनकी संतुष्टि बाहरी परिस्थितियों पर निर्भर करती है, जो क्षणभर में बदल सकती हैं।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो। नं। 9425980556

इसके विपरीत, निष्काम कर्म व्यक्ति को आत्मिक स्वतंत्रता प्रदान करते हैं। ऐसा व्यक्ति अपने कर्म को उपासना के समान मानता है — जहाँ उद्देश्य केवल कर्तव्य का पालन होता है, परिणाम की चिंता नहीं। उसे यह विश्वास रहता है कि फल का निर्णय ईश्वर या प्रकृति के हाथ में है। इस दृष्टिकोण से व्यक्ति सफलता और असफलता दोनों में शांत, धैर्यवान और विनम्र बना रहता है। यही संतुलन उसे सच्चा कर्मयोगी बनाता है। ऐसा कर्मयोगी अपने भीतर स्थित शांति के स्रोत को पहचान लेता है और वही शांति उसके व्यक्तित्व में झलकती है। उसका हर कार्य दूसरों के लिए प्रेरणा बन जाता है। वह जानता है कि कर्म ही पूजा है, और कर्म ही मोक्ष का मार्ग है।



निष्काम कर्म से मनुष्य के भीतर न केवल आत्मबल और धैर्य बढ़ता है, बल्कि उसमें सेवा और समर्पण की भावना भी जागृत होती है। वह अपने कार्यों को केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक और मानवीय कल्याण से जोड़ता है। *भगवद्गीता* का यह अमर संदेश — "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन" — इसी निष्काम कर्म की सार्थकता को दर्शाता है। जब व्यक्ति इस भाव से कर्म करता है, तो उसका हर कार्य ईश्वरीय योजना का हिस्सा बन जाता है। वह किसी उपलब्धि या प्रशंसा की प्रतीक्षा नहीं करता, बल्कि कर्म को ही अपना पुरस्कार मान लेता है। यही दृष्टिकोण मनुष्य को भीतर से मुक्त और बाहर से कर्मशील बनाता है।

## अपने विचार

'अगर आप भारत की 500 बड़ी कंपनियों की लिस्ट निकालेंगे, तो आपको कोई भी पिछड़ा या दलित समुदाय से वहां नहीं मिलेगा। वो सभी शीर्ष 10 फीसदी से आते हैं। सभी नौकरियां उन्हें मिलती हैं। सशस्त्र बलों पर उनका नियंत्रण है। आपको कहीं भी 90 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व नहीं मिलेगा।



–राहुल गांधी
नेता,विपक्ष

48 केंद्रीय विश्वविद्यालय हैं। एक भी दलित कुलपति नहीं है। यही स्थिति न्यायपालिका में है और कॉर्पोरेट जगत में है। एक फीसदी आबादी के बाद दुनिया की आधी से ज्यादा संपत्ति है। भारत में असमानता तेजी से बढ़ रही है।



–उदित राज
नेता,कांग्रेस

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### 11 नवंबर को पिपराइच स्टेशन पर नहीं रुकेगी बांद्रा टर्मिनस-बरौनी एक्सप्रेस

मुंबई। पूर्वोत्तर रेलवे के पिपराइच स्टेशन पर चल रहे नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेन संख्या 19037/19038 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी एक्सप्रेस मंगलवार, 11 नवंबर, 2025 को पिपराइच स्टेशन पर नहीं रुकेगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 09 नवंबर, 2025 को बांद्रा टर्मिनस यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 19037 बांद्रा टर्मिनस-बरौनी एक्सप्रेस पिपराइच स्टेशन पर नहीं रुकेगी। इसी प्रकार, 11 नवंबर, 2025 को बरौनी से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 19038 बरौनी-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस पिपराइच स्टेशन पर नहीं रुकेगी।

### नागरिकों ने किया शिवसेना में प्रवेश

विरार। विरार पश्चिम स्थित शिवसेना शहर कार्यालय में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं शिवसेना के मुख्य नेता एकनाथ शिंदे तथा संपर्क प्रमुख रविंद्र फाटक के कार्यों से प्रेरित होकर विभिन्न विभागों के नागरिकों ने पार्टी में प्रवेश किया। इस अवसर पर शिवसेना पालघर जिला प्रमुख निलेश तेंडोलकर के नेतृत्व में नागरिकों ने शिवसेना का भगवा ध्वज थामते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का नेतृत्व शिवसेना पालघर जिला प्रमुख निलेश तेंडोलकर ने किया। उन्होंने उपस्थित नागरिकों का स्वागत करते हुए कहा कि शिवसेना की विचारधारा समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की है और यह नया पक्षप्रवेश संगठन को और सशक्त बनाएगा।शिवसेना महिला तालुका संघटक अश्विनी चव्हाण और विरार शहर प्रमुख रोहन चव्हाण के पहल पर यह पक्षप्रवेश आयोजन सम्पन्न हुआ। इसमें उपशहर प्रमुख नरेंद्र आचरेकर का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम में विरार पश्चिम के उपशहर प्रमुख सुयोग उत्तेकर, महिला उपशहर संघटिका अनुषा पेनगोंडा और विभाग संघटिका वत्सला राणे भी उपस्थित थीं।

### सर्दियों में बढ़ेगी ठंड, आँखों की देखभाल ज़रूरी: डॉ शुभांगी



ठाणे। आने वाले दिनों में ठंड का प्रकोप बढ़ेगा, ऐसे में शरीर के साथ-साथ आँखों की देखभाल पर भी ध्यान देना ज़रूरी है। ठाणे सिविल अस्पताल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शुभांगी अंबाडेकर के अनुसार, ठंडी हवाएँ, शुष्क वातावरण और लंबे समय तक स्क्रीन के सामने रहने से आँखों में सूखापन, लालिमा, पानी आना और धुंधलापन जैसी समस्याएँ बढ़ सकती हैं। डॉ शुभांगी ने सलाह दी है कि सर्दियों में हवा की नमी कम हो जाती है, जिससे आँखों की प्राकृतिक नमी भी घटती है। इसके लिए घर में ह्यूमिडिफायर का उपयोग, पर्याप्त पानी का सेवन और डॉक्टर की सलाह से आर्टिफिशियल टियर्स का इस्तेमाल लाभदायक है। बाहर निकलते समय धूप का चश्मा या सुरक्षात्मक चश्मा पहनना भी आवश्यक है, ताकि ठंडी हवा और धूल से आँखों की सुरक्षा हो सके। डॉ. शुभांगी अंबाडेकर ने बताया कि गाजर, पालक, बादाम, अखरोट और ओमेगा-3 फैटी एसिड युक्त खाद्य पदार्थ आँखों के लिए फायदेमंद हैं, वहीं विटामिन ए, सी और ई का सेवन दृष्टि सुधारने में मदद करता है। सर्दियों में बढ़ते स्क्रीन टाइम के बीच हर 20 मिनट बाद 20 सेकंड के लिए स्क्रीन से नज़र हटाने (20-20-20 नियम) की सलाह दी गई है, ताकि आँखों पर तनाव न पड़े। डॉ. अंबाडेकर ने आगे कहा कि पर्याप्त नींद लेना भी आवश्यक है, क्योंकि नींद की कमी से आँखों में रूखापन और थकान बढ़ती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि खुजली, लालिमा या धुंधलापन जैसी समस्या हो तो बिना स्वयं दवा लिए तुरंत नेत्र रोग विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए।

# मुंबई में घर की मुश्किल होगी दूर

## राज्य में जल्द लागू होगी रेंटल हाउसिंग पॉलिसी

दीपक पवार | मुंबई

राज्य में रेंटल हाउसिंग पॉलिसी को जल्द ही लागू किया जाएगा। सभी आवश्यक प्रावधान और नियम अंतिम चरण में पहुंच चुके हैं और राज्य सरकार की मंजूरी मिलते ही इसे मुंबई महानगर क्षेत्र सहित पूरे महाराष्ट्र में लागू कर दिया जाएगा। म्हाडा के उपाध्यक्ष एवं सीईओ संजीव जायसवाल ने बताया कि यह नीति किफायती आवास उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### डेवलपर्स को भी मिलेगा मौका, प्रीमियम में छूट की संभावना

रेंटल हाउसिंग पॉलिसी के तहत म्हाडा अहम भूमिका निभाएगा और डेवलपर्स को भी योजना में शामिल किया जाएगा। डेवलपर्स द्वारा उपलब्ध कराए गए मकानों के लिए आवश्यक कारकों पर विचार किया गया है। इस योजना में किराए के मकान उपलब्ध कराने वाले डेवलपर्स को प्रीमियम में छूट देने का प्रस्ताव है। साथ ही, किरायेदारों को समय के साथ इन मकानों को खरीदने का विकल्प भी मिलेगा, जैसा कि अमेरिका सहित कई देशों में लागू है।



### किराए के मकानों से बढ़ेगा हाउसिंग स्टॉक

म्हाडा का मानना है कि इस योजना के लागू होने से पर्याप्त आवास स्टॉक उपलब्ध होगा। मुंबई बोर्ड हाउसिंग लॉटरी को लेकर नागरिकों में उत्सुकता है और इसी के चलते म्हाडा ने स्पष्ट किया कि उपलब्ध मकानों की संख्या को देखते हुए मांग पूरी करने में मदद मिलेगी। राज्य में किफायती आवास की चुनौती को देखते हुए यह नीति महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

### म्हाडा लॉटरी मार्च में होगी घोषित

मुम्बईवासियों के लिए एक और बड़ी खबर यह है कि नए घरों की म्हाडा लॉटरी अगले साल मार्च तक घोषित की जाएगी। जायसवाल के अनुसार, विभिन्न परियोजनाओं से मिले उपलब्ध आवास स्टॉक के चलते इस बार बड़ी संख्या में घर उपलब्ध रहेंगे। उनका कहना है कि इस वित्त वर्ष के अंत तक लॉटरी आयोजित की जाएगी और इससे मध्य वर्ग एवं निम्न आयवर्ग को राहत मिलेगी।

### एआई चैटबॉट 'म्हाडा साथी' लॉन्च

म्हाडा ने डिजिटल सेवाओं को सुधारते हुए 'म्हाडा साथी' नामक एआई चैटबॉट लॉन्च किया है। यह चैटबॉट मराठी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है और नागरिकों को नौ संभागीय मंडलों से संबंधित जानकारी देगा। पहले चरण में यह सुविधा वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है और दूसरे चरण में मोबाइल प्लेटफॉर्म व व्हाट्सऐप पर भी शुरू होगी। दिवाली तक इस सुविधा के पूरी तरह चालू होने की उम्मीद है। लॉन्च कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## अत्याधुनिक अध्ययन केंद्र का उद्घाटन

विनय दूबे | भाईंदर



मीरा भाईंदर शहर के नवनिर्मित स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे कला भवन में अत्याधुनिक 'अध्ययन केंद्र' का उद्घाटन परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक की उपस्थिति में वरिष्ठ चित्रकार पद्मश्री वासुदेव कामत के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।

### आधुनिक पुस्तकालय और डिजिटल सुविधाएं

अध्ययन केंद्र में एक आधुनिक पुस्तकालय स्थापित किया गया है, जिसमें विभिन्न विषयों की पुस्तकें और अध्ययन संसाधन उपलब्ध हैं। साथ ही, ई-बुक्स, ऑनलाइन लर्निंग सामग्री और डिजिटल संसाधनों के लिए एक डिजिटल लाइब्रेरी भी बनाई गई है। छात्रों को उचित मार्गदर्शन और परामर्श प्रदान करने के लिए मार्गदर्शन केंद्र की भी व्यवस्था की गई है। शहर के होनहार और प्रतिभाशाली छात्रों को आईएएस, आईपीएस, आईआरएस जैसी कठिन परीक्षाओं में सफल होने हेतु सहयोग देने के उद्देश्य से, परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के विशेष प्रयासों से सी.डी. देशमुख शैक्षणिक संस्था की कोचिंग क्लास भी शुरू की गई है। हर साल 100 छात्रों को मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

### राज्य में दूसरी ऐसी प्रशिक्षण पहल

यूपीएससी परीक्षा में महाराष्ट्र के छात्रों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से ठाणे में शुरू हुई यह पहल अब मीरा भाईंदर मनपा में राज्य की दूसरी ऐसी प्रशिक्षण संस्था के रूप में कार्य करेगी। इसके माध्यम से शहर के छात्रों को यूपीएससी परीक्षा में सफलता के लिए आवश्यक प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्राप्त होगा। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि अध्ययन केंद्र में सी.डी. देशमुख शैक्षणिक संस्था के माध्यम से हर साल 100 प्रतिभाशाली छात्रों को एमपीएससी, यूपीएससी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य है कि शहर के होनहार छात्र सफलता की ओर बढ़ें और राज्य में मीरा भाईंदर का नाम रोशन करें।

# जिला प्रशासन ने नागरिकों से रक्तदान की अपील की

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान उसके रक्त के विभिन्न महत्वपूर्ण घटकों को अलग कर पाँच लोगों की जान बचा सकता है। इसी कारण रक्तदान को सर्वोत्तम दान माना जाता है। ठाणे ज़िले में पिछले कुछ दिनों से मरीज़ों के लिए रक्त की कमी देखी जा रही है। इसे ध्यान में रखते हुए ज़िला जिलाधिकारी डॉ. श्रीकृष्ण पंचाल, ज़िला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार, ज़िला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर पारगे और ज़िला सूचना अधिकारी मनोज सुमन शिवाजी सानप ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की है।

### युवाओं और संस्थाओं से आगे आने की मांग



प्रशासन ने विशेष रूप से कॉलेज छात्रों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं इच्छुक नागरिकों से स्वेच्छा से रक्तदान कर ज़रूरतमंद मरीज़ों की सहायता करने और इस सामाजिक व राष्ट्रीय कार्य में योगदान देने का आग्रह किया है। साथ ही, यदि कोई नागरिक रक्तदान शिविर आयोजित करना चाहता है तो वह ज़िला रक्त आधान अधिकारी गिरीश चौधरी से 9869685282 पर संपर्क कर सकता है। यह पहल ठाणे जिला प्रशासन द्वारा चलाई जा रही है।

# 'कालानी मुक्त उल्हासनगर' का संकल्प

## भाजपा ने किया ऐलान

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। भाजपा ने 'कालानी मुक्त उल्हासनगर' बनाने का ऐलान कर बड़ा राजनीतिक धमाका कर दिया है। जिला अध्यक्ष राजेश वढारिया के इस बयान ने शहर की राजनीति में गरमाहट ला दी है। इसी बीच उनका एक बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें उन्होंने गलती से "चोरों को भी मौका मिलेगा" कह दिया, जिसके चलते उनकी खूब किरकिरी हो रही है।

### भव्य समारोह में सैकड़ों लोग भाजपा में शामिल



टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम में टीम ओमी कालानी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव सहित विभिन्न दलों से जुड़े सैकड़ों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हुए। हॉल में गूंजे नारों ने माहौल को और जोशपूर्ण बना दिया। यह कार्यक्रम भाजपा के संगठन विस्तार और उत्तर भारतीय मतदाताओं को साधने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

### महागठबंधन पर पड़ा दबाव

अब तक भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट), टीम ओमी कालानी और साईं पार्टी के संभावित महागठबंधन की चर्चा थी, लेकिन भाजपा के इस रुख से गठबंधन की संभावना को झटका लग सकता है। वहीं, पार्टी में शामिल हुए बृजेश श्रीवास्तव ने बिना नाम लिए कहा कि कालानी ने सिर्फ तीन लोगों का ही विकास किया है और आगे भी ऐसा ही रहेगा।

### वढारिया का बयान और वायरल वीडियो

कार्यक्रम में विधायक कुमार ऐलानी और संजय गुप्ता भी मौजूद रहे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान राजेश वढारिया ने कहा कि अगर नेतृत्व ने अनुमति दी तो वे सभी 78 वार्डों में उम्मीदवार उतारेंगे और 'कालानी मुक्त' उल्हासनगर बनाकर भ्रष्टाचारमुक्त शासन देंगे। इसी बीच उनकी जुबान फिसल गई और उन्होंने "चोरों को भी मौका मिलेगा" कह दिया, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

## मतदाता सूची में जितनी बार नाम, उतने स्टार लगाए जाएं: हर्षवर्धन सपकाल

मुंबई। महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची में 'स्टार' लगाने के निर्णय पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने तीखा तंज कसा है। उन्होंने कहा कि जब आयोग के पास उन मतदाताओं का पूरा डेटा है जिनके नाम सूची में दो, तीन या सैकड़ों बार दर्ज हैं, तो केवल दिखावटी तौर पर 'दो नंबर का स्टार' लगाना उचित नहीं है। सपकाल ने व्यंग्य करते हुए कहा कि जिन मतदाताओं के नाम दो बार हैं, उन्हें दो स्टार, जिनके तीन बार हैं, उन्हें तीन स्टार और जिनके 200 बार हैं, उन्हें उतने ही स्टार दिए जाने चाहिए। वर्धा में 5 नवंबर को एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में गड़बड़ी बेहद गंभीर मामला है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस संबंध में प्रमाण सहित जानकारी सार्वजनिक की है, लेकिन चुनाव आयोग उल्टा उन्हीं से सबूत मांग रहा है।

# राज्य कर निरीक्षक ने एमपीएससी परीक्षा में पाई 73वीं रैंक

विनय दूबे | भाईंदर

मीरा भाईंदर स्थित जीएसटी विभाग के राज्य कर निरीक्षक यश ज्ञानेश्वर शिंदे ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (MPSC) की कठिन परीक्षा पास कर शहर के युवाओं के लिए मिसाल कायम की है। सातारा के रहने वाले 27 वर्षीय यश ने अपनी सफलता का श्रेय मजबूत इच्छा शक्ति, स्पष्ट लक्ष्य और सतत परिश्रम को दिया है।

### पारिवारिक पृष्ठभूमि से मिली प्रेरणा



मूल रूप से सातारा जिले के विलासपुर गांव के रहने वाले यश ने अपनी प्राथमिक शिक्षा अन्नासाहेब कल्याणी विद्यालय से पूरी की और बाद में कोल्हापुर कृषि महाविद्यालय से कृषि में स्नातक किया। उनके दादा मधुकर शिंदे सातारा जिले के खटाव तालुका के पूर्व तहसीलदार थे, जबकि पिता सातारा तहसील कार्यालय में याचिका लेखक हैं। यश शिंदे की इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए आयुक्त एवं प्रशासक राधाबिनोद शर्मा ने उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त प्रियंका राजपूत और उपायुक्त कविता बोरकर भी उपस्थित रहीं।

### ड्यूटी के बाद भी जारी रही तैयारी

राज्य के जीएसटी विभाग में 2023 से कार्यरत यश शिंदे ड्यूटी समाप्त होने के बाद सीधे मनपा पुस्तकालय जाकर पढ़ाई करते थे। काम का तनाव भी उनकी तैयारी में बाधा नहीं बना। उनकी यही लगन और जुझारूपन उन्हें सफलता की ओर ले गया।

### युवाओं के लिए प्रेरणा बनी सफलता

आयुक्त राधाबिनोद शर्मा ने कहा कि यश शिंदे की उपलब्धि शहर के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। उनकी कहानी यह सिखाती है कि परिस्थितियाँ चाहे कैसी भी हों, दृढ़ निश्चय और मेहनत से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# मध्य रेल्वे भुसावल मंडल ने 'प्रगतिशील महाराष्ट्र प्रदर्शनी' में दिया दमदार प्रदर्शन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल्वे के भुसावल मंडल ने 03 नवंबर से 05 नवंबर 2025 तक जलगांव में आयोजित 'प्रगतिशील महाराष्ट्र प्रदर्शनी' में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। यह प्रदर्शनी महाराष्ट्र राज्य की प्रगति और विकास को दर्शाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी, जिसमें भुसावल मंडल ने रेलवे की उपलब्धियों एवं भविष्य की योजनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

### तकनीकी व यात्री सेवाओं का प्रदर्शन




भुसावल मंडल रेल प्रबंधक पुनीत अग्रवाल के मार्गदर्शन में रेलवे स्टॉल की आकर्षक रूप से सजावट की गई। इसमें 100 वर्ष की विद्युतीकरण यात्रा, वंदे भारत एक्सप्रेस और अमृत भारत एक्सप्रेस की विशेषताएँ, पर्यावरण अनुकूल पहल, स्वच्छ रेलवे मिशन, सुरक्षा उपाय तथा तकनीकी नवाचार को प्रदर्शित किया गया। साथ ही रेलवे की डिजिटल सेवाओं, ऑनलाइन आरक्षण प्रणाली व 'एक स्टेशन – एक उत्पाद' (OSOP) योजना की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

### जनप्रतिनिधियों का अवलोकन

प्रदर्शनी में रेलवे स्टॉल का अवलोकन माननीय सांसद जलगांव स्मिता वाघ, माननीय वस्त्रोद्योग मंत्री महाराष्ट्र राज्य संजय सावकारे एवं विधायक राजू मामा भोळे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया। उन्होंने रेलवे के विकास कार्यों तथा जनहितकारी पहलों की सराहना की।




# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। धार्मिक अनुष्ठान पूजा-पाठ इत्यादि का कार्यक्रम आयोजित हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। मानसिक शांति रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। समय अनुकूल है।

**वृष** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**मिथुन** कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक काम करने की इच्छा रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। सुख के साधन प्राप्त होंगे। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। शारीरिक कष्ट संभव है। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस लग सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय बनी रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है।

**सिंह** किसी दूसरे व्यक्ति की बातों में न आएं। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यापार अच्छा चलेगा। नौकरी में मातहतों से कहासुनी हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। कुसगंति से बचें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

**कन्या** घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। परिवार में मांगलिक कार्य हो सकता है। धन प्राप्ति सुगम होगी। शरीर में कमर व घुटने आदि के दर्द से परेशानी हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। शत्रुभय रहेगा।

**तुला** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। भाग्य का साथ रहेगा। शेयर मार्केट से लाभ होगा। शत्रु पस्त होंगे।

**वृश्चिक** किसी वरिष्ठ प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कष्ट व भय सताएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**धनु** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी। थकान व कमजोरी महसूस होगी। आय में निश्चितता रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। निवेश सोच-समझकर करें। राजभय रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक कार्यों में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। नौकरी में प्रशंसा होगी। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। चोट व रोग से बचें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। व्यापार ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**कुंभ** दूर से शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी। घर में मेहमानों का आगमन होगा। कोई मांगलिक कार्य हो सकता है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

**मीन** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। किसी बड़ी समस्या से मुक्ति मिल सकती है। किसी न्यायपूर्ण बात का भी विरोध हो सकता है। विवाद न करें। कुबुद्धि हावी रहेगी। चोट व रोग से बचें।

## नाम का पहला अक्षर और प्यार: अक्षरों में छिपे प्रेम के रंग और व्यक्तित्व के रहस्य




प्रियंका जैन
9769994439

मनुष्य का नाम केवल एक पहचान नहीं होता, बल्कि वह उसकी आत्मा की ध्वनि भी होता है। हर नाम का पहला अक्षर अपने भीतर एक विशेष ऊर्जा, एक अदृश्य कंपन और एक भावनात्मक लय रखता है, जो व्यक्ति के स्वभाव, सोच, व्यवहार और प्रेम करने के अंदाज़ को प्रभावित करता है। कहा जाता है कि नाम के पहले अक्षर से यह जाना जा सकता है कि कोई व्यक्ति प्यार में कितना गहरा उतरता है, उसकी भावनाओं की तीव्रता कितनी है, और वह अपने प्रिय के प्रति कितना सच्चा या संकोची है। यह कोई कठोर विज्ञान नहीं, बल्कि आत्मानुभव और लोक-मान्यताओं का अद्भुत संगम है। आज जानते हैं कि अगर आपका नाम अंग्रेज़ी वर्णमाला के किसी अक्षर से शुरू होता है तो आपका प्रेम स्वभाव कैसा है —

**A** अक्षर से शुरू होने वाले लोग प्रेम में सीधे, सच्चे और निर्भीक होते हैं। इन्हें किसी दिखावे या नाटक की ज़रूरत नहीं होती। ये दिल से बात करते हैं और दिल से ही रिश्ता निभाते हैं। रोमांस के मामले में ये बहुत व्यावहारिक हैं। ये वह व्यक्ति हैं जो प्यार को भावना से ज़्यादा ज़िम्मेदारी की तरह लेते हैं। किसी को पाने के लिए ये पहाड़ तक हिला सकते हैं, मगर दिखावा नहीं करते। इनका प्यार सादगी में गहराई और ईमानदारी में सुंदरता रखता है। जब ये किसी से प्यार करते हैं तो उसका साथ निभाने के लिए पूरी दुनिया से लड़ जाते हैं।

**B** वाले व्यक्ति दिल से कोमल और मन से संवेदनशील होते हैं। इन्हें रिश्तों में मिठास और स्नेह चाहिए। इन्हें अपने प्रेमी या प्रेमिका से छोटे-छोटे तोहफे, सरप्राइज़ और स्नेहपूर्ण शब्द बहुत भाते हैं। ये प्यार में उतने ही नाजुक हैं जितने कोई गुलाब की पंखुड़ी। जब कोई इन्हें सच्चा स्नेह देता है, तो ये उसमें डूब जाते हैं। लेकिन अगर कोई इनकी भावनाओं से खेलता है तो ये चुपचाप पीछे हट जाते हैं। इनका रोमांस गहरे अहसासों से भरा होता है, और ये अपने प्रेमी को दुनिया से ऊपर मानते हैं।

**C** अक्षर वाले व्यक्ति समाजप्रिय, खुले विचारों वाले और आकर्षक व्यक्तित्व रखते हैं। इन्हें अपने रिश्ते में संवाद और सम्मान चाहिए। ये चाहते हैं कि उनका साथी उनका मित्र भी बने, हमसफ़र भी। प्यार में ये दिल से सच्चे और दिमाग से परिपक्व होते हैं। इनकी दुनिया में भावना और समझदारी दोनों का संतुलन होता है। ये व्यक्ति अपने साथी के लिए हमेशा मौजूद रहते हैं, मगर बंधन में रहना पसंद नहीं करते। ये स्नेह देते भी हैं और आत्मसम्मान की रक्षा करना भी जानते हैं।

**D** वाले लोग बेहद दृढ़ निश्चयी, वफ़ादार और समर्पित प्रेमी होते हैं। एक बार जब ये किसी को चुन लेते हैं, तो फिर उनका ध्यान और दिल उसी पर टिक जाता है। इनकी वफ़ादारी पत्थर की तरह अडिग होती है। ये अपने साथी की खुशी को अपनी खुशी मानते हैं। लेकिन कभी-कभी इनकी ईर्ष्या और स्वामित्व भावना रिश्ते में तनाव ला सकती है, क्योंकि ये प्यार में खो जाते हैं और फिर उन्हें डर होता है कि कहीं उनका प्रिय उनसे दूर न हो जाए।

**E** अक्षर वाले लोग बातों के शौकीन, बुद्धिमान और जीवन से भरे होते हैं। इनका प्यार बातों में खिलता है — ये अपनी मोहब्बत को शब्दों से, कविताओं से, गीतों से व्यक्त करते हैं। किसी का दिमाग़ और व्यक्तित्व इन्हें सबसे पहले आकर्षित करता है। अगर साथी इनके विचारों से मेल खाए तो ये उसके लिए पागलपन की हद तक समर्पित हो जाते हैं। मगर अगर कोई इन्हें न समझे तो ये चुपचाप दूरी बना लेते हैं। इनका रोमांस जीवंत, खिलखिलाता और अर्थपूर्ण होता है।

(क्रमशः)

**न्यूज़ ब्रीफ**

### ट्रेलर की चपेट में आए एक ही परिवार के चार लोग

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में रिसिया थाना में बुधवार को हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मृतकों की शिनाख्त की शुरू कर दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। रिसिया थानाध्यक्ष ब्रह्मा गोड़ ने बताया कि बुधवार सुबह छह बजे लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मदन कोठी चौराहे पर फखरपुर की तरफ से आ रहा गिट्टी से भरा ट्रेलर (यूपी78- जेएन- 9855) काबू होकर खाई में जा पलटा। इसी दौरान बाइक (यूपी40-बीएफ -9163) ट्रेलर की चपेट में आ गया। हादसे में दो पुरुष, एक महिला और एक साल के बच्चे की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बाइक की नम्बर प्लेट से पता चला है कि बाइक बहराइच के लालुही निवासी विजय कुमार सिंह के नाम दर्ज है। ट्रेलर चालक मौके से फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस टीम को लगाया गया है।

### प्रतापगढ़ में सड़क हादसे का शिकार हुए सगे भाई

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के प्रयागराज- अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार देर रात को सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार सगे भाइयों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली देहात थाना प्रभारी ने बुधवार को बताया कि मृतकों की पहचान विश्वनाथगंज थाना क्षेत्र के नरहर पट्टी गांव निवासी महेंद्र कुमार विश्वकर्मा (35) और मिथिलेश विश्वकर्मा (22) के रूप में हुई है। दोनों भाई सोलर पैनल लगाने का काम करते थे। बीती रात मंगलवार को काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे। भुपियामऊ चौकी क्षेत्र में प्रयागराज-अयोध्या राजमार्ग धारूपुर राहुल सीमेंट एजेंसी के सामने एक चार पहिया वाहन की चपेट में आकर दोनों की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंचे भुपियामऊ चौकी पुलिस ने मृतकों की पहचान कर घटना की जानकारी परिवार को दी। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### जीवित को मृत दिखा दंपति ने डकारा 25 लाख

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के हजरतंगज थाना पुलिस ने बुधवार को शातिर दंपति को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र व आधार कार्ड के जरिए बीमा कंपनी से 25 लाख रूपए हड़प लिए। पुलिस उपायुक्त मध्य विक्रांत वीर ने बताया कि हजरतगंज पुलिस ने शातिर अपराधी जानकीपुरम निवासी रवि शंकर उसकी पत्नी केश कुमारी को गिरफ्तार किया है। केश कुमारी ने 21 अप्रैल 2023 को बीमा कंपनी में दावा पेश किया उनके पति का निधन 9 अप्रैल 2023 को हो गया और उन्हें मृत्यु लाभ का भुगतान मिलना चाहिए।कंपनी के अधिकारी संदीप मधुकर की तहरीर पर 9 अक्टूबर 2025 को मुकदमा दर्ज हुआ। पुलिस ने मंगलवार देर रात को पति पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में इन लोगों ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें कोर्ट में भेजा, जहां से दंपति को जेल भेज दिया गया।

# चोपन पैसेंजर से उतरते ही आ गई नेताजी एक्सप्रेस, आठ मरे

**एजेंसी | मीरजापुर**



उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जनपद में बुधवार सुबह चुनार रेलवे स्टेशन पर बड़ा रेल हादसा हो गया। नेताजी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से 8 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जिनमें 6 महिलाएं हैं। हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हृदयविदारक घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

**संभलने का भी नहीं मिला मौका**

घटना सुबह करीब 9 :30 बजे चुनार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर हुई। बताया जा रहा है कि चोपन से आई पैसेंजर ट्रेन के स्टेशन पर पहुंचने के बाद कार्तिक पूर्णिमा पर्व के चलते भीड़ अधिक होने से कुछ श्रद्धालु प्लेटफॉर्म की ओर न उतर कर दूसरी तरफ ट्रैक से नीचे उतरने लगे। तभी तेज रफ्तार से आई नेताजी एक्सप्रेस उसी ट्रैक से गुजर गई। श्रद्धालु कुछ समझ पाते, इससे पहले ही ट्रेन ने कई लोगों को चपेट में ले लिया। दुर्घटना के बाद मौके पर दिल दहला देने वाला मंजर था। रेलवे ट्रैक पर चारों ओर लोगों के शव बिखर गए। शवों के टुकड़ों को पुलिस ने बड़ी मशक्कत से समेट कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायल यात्रियों को तुरंत जिला अस्पताल व अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती कराया गया है। मृतकों में अधिकांश कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए गंगा घाट जा रहे श्रद्धालु बताए जा रहे हैं।

**सोनभद्र के रहने वाले थे सभी लोग**

एएसपी ऑपरेशन मनीष मिश्र ने बताया कि इस दर्दनाक हादसे में अब तक छह महिला मृतकों की पहचान कर ली गई है। इनमें सविता (28) पत्नी राजकुमार निवासी कमरिया थाना राजगढ़, साधना (16) पुत्री विजय शंकर बिंद, शिवकुमारी (12) पुत्री विजय शंकर, अप्पू देवी (20) पुत्री श्याम प्रसाद, सुशीला देवी (60) पत्नी स्वर्गीय मोतीलाल निवासी महुआरी थाना पड़री तथा कलावती देवी (50) पत्नी जनार्दन यादव निवासी बसवा थाना कर्मा, जनपद सोनभद्र शामिल हैं। इन सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है, जहाँ पर परिजनों को सूचना देकर पहचान प्रक्रिया पूरी की जा रही है। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस बल, फायर ब्रिगेड और एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुँच गई थी। बचाव कार्य देर रात तक चलता रहा।

## जौनपुरः ट्रक और डीसीएम की टक्कर में दो की मौत



**एजेंसी | जौनपुर**

उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में वाराणसी-लखनऊ राजमार्ग पर महरुपुर गांव के पास मंगलवार रात को ट्रक और डीसीएम की टक्कर हो गई। हादसे में डीसीएम चालक और ट्रक के खलासी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर जाम खुलवाया। क्षेत्राधिकारी शहर गोल्डी गुप्ता ने बुधवार को बताया कि सुल्तानपुर के मकूनपुर निवासी डीसीएम चालक राम अचल (36) बीती रात वाराणसी से सामान लादकर लखनऊ जा रहे थे। महरुपुर गांव के पास संभवतः नींद की झपकी आने के कारण डीसीएम अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए वाराणसी जाने वाली लेन में घुस गई। इस बीच सामने से आ रहे ट्रक से डीसीएम की टक्कर हो गई। हादसे में डीसीएम चालक रामअचल की मौके पर मौत हो गई। जबकि ट्रक का खलासी जम्मू निवासी जहूर अहमद मलिक उससे कूद गया, लेकिन उसकी भी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों शवों को जिला चिकित्सालय भिजवाया। पुलिस ने तत्काल यातायात को डायवर्ट किया। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को राजमार्ग के किनारे हटवाकर जाम खुलवाया, जिसके बाद आवागमन सुचारू हो सका।

# सुजानगंज में गला रेतकर युवती की हत्या

**प्रेमप्रसंग में हत्या की आशंका, खुलासे को चार टीमें तैनात**

**एजेंसी | जौनपुर**

उत्तर प्रदेश में जिला जौनपुर के सुजानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार देर रात को एक युवती की गला रेतकर हत्या कर दी गई। प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग का है। पुलिस अधीक्षक ने खुलासे के लिए चार टीमें लगाई हैं। क्षेत्राधिकारी बदलापुर विवेक कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि मृतका की पहचान सुजानगंज थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में रहने वाले बृज भूषण गौतम की बेटी रोशनी (22) के रूप में हुई हैं। घटना के संबंध में भाई विकास से पता चला है कि बहन रोशनी शौच के लिए घर से बाहर गई थी, तभी किसी ने उसकी हत्या कर दी। सीओ ने बताया कि प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग के चलते युवती की हत्या की गई है। परिजनों की तहरीर पर नरहन निवासी अमित सरोज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उसकी तलाश में पुलिस टीम चार टीमें लगी हैं।



**खेत में मिला गला रेता हुआ शव**

काफी देर तक जब रोशनी घर नहीं लौटी तो छोटी बहन स्वाति अपनी बड़ी बहन रोशनी को ढूंढने निकली। खेत में बहन का गला रेता शव को देखकर स्वाति ने परिवार को जानकारी दी। मौके पर परिजन और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ और अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल की जांचकर साक्ष्य एकत्र किए।

# दो-तिहाई बहुमत के साथ राजग की बनेगी सरकारः राजनाथ सिंह

**एजेंसी | पटना/बांका**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बांका में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग बिहार में दो-तिहाई बहुमत के साथ सत्ता में वापसी कर रहा है। उन्होंने कांग्रेस और महागठबंधन की नीतियों पर तीखा हमला किया। सभा में राजनाथ सिंह ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष सीमावर्ती इलाकों की विकास-ओर ध्यान नहीं देता। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर भी निशाना साधा और कहा कि कुछ दल विकास में बाधक बने हुए हैं। राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सेना को राजनीतिकरण करने का प्रयास न किया जाए और स्पष्ट किया कि सैनिकों का केवल एक ही धर्म होता है — सैन्य धर्म"। उन्होंने कहा कि जब भी राष्ट्र संकट में रहा है, सेना ने देश का मान बढ़ाया है और उसे राजनीति से अलग रखा जाना चाहिए। आरक्षण के विषय पर उन्होंने कहा कि भाजपा भी आरक्षण की समर्थक है और गरीबों के हित में कदम उठाती रही है। राजनाथ ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आर्थिक प्रगति का हवाला देते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था की रैंकिंग में सुधार हुआ है और यह आगे बढ़ रही है।



**बिहार का स्वास्थ्य बजट 20000 करोड़ रूपए**

नीतीश कुमार की ईमानदारी का गुणगान करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि उन पर भ्रष्टाचार के कोई आरोप नहीं हैं, जबकि राजद नेतृत्व के कई नेताओं पर भ्रष्टाचार के मामले चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजद शासन के दौरान स्वास्थ्य बजट मात्र 700 करोड़ था, जो राजग सरकार में बढ़कर 20,000 करोड़ रूपए हुआ है यह जनता के स्वास्थ्य पर सरकार की गंभीरता का प्रमाण है। उन्होंने यह भी कहा कि आज बिहार का बजट 3 लाख करोड़ रूपए से अधिक है। रक्षा मंत्री ने यह दावा भी दोहराया कि राजग जाति, धर्म या पंथ के आधार पर विभाजन नहीं करता और उसका फोकस विकास पर ही रहता है, जबकि महगठबंधन को लोगों को विभाजित करने का आरोप लगाया गया।

## व्यापार जगत

# डेयरी और MSME के हितों के लिए भारत प्रतिबद्धः पीयूष गोयल

**एजेंसी | वेलिंगटन**

न्यूजीलैंड की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत अपने सभी मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) में डेयरी और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) जैसे संवेदनशील क्षेत्रों के हितों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। ऑकलैंड में आयोजित भारत-न्यूजीलैंड व्यापार मंच को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड दोनों ने आपसी बातचीत में एक-दूसरे की संवेदनशीलताओं का सम्मान करने पर सहमति जताई है।



**डेयरी, कृषि में किसी को रियायत नहीं**

गोयल ने कहा, भारत ने अब तक किसी भी व्यापार समझौते में डेयरी या कृषि क्षेत्र में साझेदार देशों को शुल्क संबंधी रियायत नहीं दी है। किसानों और एमएसएमई क्षेत्र के हित हमारे लिए सर्वोपरि हैं और हम इन पर कोई समझौता नहीं करते।

**अमेरिका से रचनात्मक बातचीत जारी**

भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर पूछे गए प्रश्न पर गोयल ने कहा कि दोनों देशों के बीच रचनात्मक बातचीत जारी है और कई जटिल मुद्दों पर ठोस प्रगति हो रही है। उन्होंने कहा कि, ऐसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा में समय लगता है, लेकिन दिशा सही है और परिणाम सकारात्मक होंगे। वाणिज्य मंत्री ने यह भी संकेत दिया कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच रक्षा, कृषि, अंतरिक्ष, शिक्षा और पर्यटन के अलावा कृषि प्रौद्योगिकी और डेयरी मशीनरी जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग की व्यापक संभावनाएं हैं।

# मैगनीज उत्पादन में मॉयल ने बनाया रिकार्ड

**एजेंसी | नई दिल्ली**

देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम और अग्रणी मैंगनीज अयस्क उत्पादक मॉयल लिमिटेड ने अक्टूबर में 1.60 लाख टन मैंगनीज अयस्क का उत्पादन किया है। यह इसकी स्थापना के बाद से अबतक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन है। इस्पात मंत्रालय के मुताबिक अक्टूबर में 1.60 लाख टन मैंगनीज अयस्क का उत्पादन पिछले वर्ष की इसी अवधि (सीपीएलवाई) की तुलना में 9.1 फीसदी अधिक है। वित्त वर्ष 2025-26 के पहले सात महीनों के दौरान कंपनी ने 11.04 लाख टन का उत्पादन दर्ज किया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 8.5 फीसदी अधिक है।



**सात माह से लगातार हुई बढ़ोत्तरी**

मंत्रालय के मुताबिक अन्वेषण पर अपना मजबूत ध्यान जारी रखते हुए मॉयल ने अप्रैल-अक्टूबर की अवधि के दौरान 57,275 मीटर की अपनी अब तक की सर्वोच्च अन्वेषण कोर ड्रिलिंग हासिल की है। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अजीत कुमार सक्सेना ने कहा कि यह उत्साहजनक है कि पहले 7 महीनों के दौरान उत्पादन में वृद्धि का रुझान बरकरार रहा है।

## भारत-रोमानिया ने व्यापार और निवेश में किया समझौता

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारत और रोमानिया ने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता बुधवार को रोमानिया के ब्रासोव शहर में आयोजित भारत-रोमानिया व्यापार मंच के दौरान हुआ, जिसमें भारत की ओर से केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। जितिन प्रसाद ने भारत को दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बताते हुए रोमानियाई उद्योगों को 'मेक इन इंडिया' और उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (PLI) योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत का विनिर्माण और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र वैश्विक निवेशकों के लिए अपार संभावनाएं प्रदान करता है। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, इस मंच में 'भारत में व्यापारिक अवसरों' पर दी गई प्रस्तुति के दौरान औद्योगिक गलियारों, नीतिगत सुधारों, व्यापार सुगमता उपायों और राज्य-स्तरीय प्रोत्साहनों की जानकारी साझा की गई।

# पापुआ न्यू गिनी को 20 मीट्रिक टन फोर्टिफाइड चावल का निर्यात

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारत ने पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को 20 मीट्रिक टन फोर्टिफाइड चावल की खेप भेजी है। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने छत्तीसगढ़ से फोर्टिफाइड चावल निर्यात किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक यह खेप भारत के कृषि निर्यात पोर्टफोलियो को बढ़ाने और वैश्विक बाजारों में उच्च गुणवत्ता वाले, सुदृढ़ और मूल्यवर्धित खाद्य उत्पादों के एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में देश की प्रतिष्ठा को मजबूत करने के भारत के चल रहे प्रयास में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। मंत्रालय ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य ने चावल और फोर्टिफाइड चावल के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए निरंतर ठोस प्रयास किए हैं, जिससे राज्य के किसानों, मिल मालिकों और निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में बेहतर दृश्यता और पहचान हासिल करने में मदद मिली है।

**कोस्टारिका को भी 12 टन का निर्यात**



पापुआ न्यू गिनी को फोर्टिफाइड चावल की सफल शिपमेंट वैश्विक पोषण-केंद्रित खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में छत्तीसगढ़ के बढ़ते योगदान को रेखांकित करती है और भारत की कृषि-निर्यात महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में राज्य की उभरती भूमिका को दर्शाती है। भारत के पोषण और निर्यात अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित स्पंज एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड ने इसी हफ्ते कोस्टा रिका को 12 टन फोर्टिफाइड राइस कर्नेल (एफआरके) की पहली खेप का निर्यात किया है।

## मारुति सुजुकी ने बेंची तीन करोड़ कारें, आल्टो सबकी फेवरिट

**एजेंसी | नई दिल्ली**

देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (MSIL) ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने बुधवार को घोषणा की कि उसने भारत के घरेलू बाजार में अपनी 3 करोड़वीं पैसेंजर कार की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। इस उपलब्धि के साथ मारुति सुजुकी भारत की पहली ऐसी ऑटोमोबाइल कंपनी बन गई है, जिसने घरेलू स्तर पर यह मील का पत्थर छुआ है।

**सिर्फ छह साल में बिकीं एक करोड़ यूनिट**



कंपनी के अनुसार, यह सफलता उसने सिर्फ 42 वर्षों में हासिल की है। मारुति सुजुकी ने 14 दिसंबर, 1983 को अपनी पहली कार मारुति 800 भारतीय ग्राहक को सौंपी थी। तब से अब तक कंपनी ने चरणबद्ध तरीके से बिक्री का रिकॉर्ड बनाया। कंपनी ने पहली 1 करोड़ कारें बेचने में 28 साल 2 महीने का समय लिया, जबकि दूसरी 1 करोड़ कारें सिर्फ 7 साल 5 महीने और तीसरी 1 करोड़ कारें मात्र 6 साल 4 महीने में बेची गईं। कंपनी ने बताया कि अब तक भारत में बेची गई 3 करोड़ कारों में ऑल्टो सबसे लोकप्रिय मॉडल साबित हुई है, जिसकी बिक्री 47 लाख यूनिट से अधिक रही। इसके बाद वैगन आर (34 लाख) और स्विफ्ट (32 लाख) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। वहीं, ब्रेजा और फ्रोंक्स जैसी कॉम्पैक्ट एसयूवी भी कंपनी के शीर्ष दस बिकने वाले मॉडलों में शामिल हैं।

**प्रति एक हजार पर 33 कारें उपलब्ध**

मारुति सुजुकी इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ हिसाशी ताकेउची ने कहा, "भारत में हर हजार व्यक्तियों पर केवल 33 वाहनों की उपलब्धता है, जिसका मतलब है कि हमारी यात्रा अभी लंबी है। हम अधिक से अधिक लोगों तक वाहन स्वामित्व का अनुभव पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।"

**भारत में मारुति सुजुकी के 19 माडल**

वर्तमान में मारुति सुजुकी भारत में 19 मॉडल्स के 170 से अधिक संस्करण पेश कर रही है। कंपनी ने कहा कि वह आने वाले समय में अपने पोर्टफोलियो को और विस्तृत करते हुए 'हर भारतीय परिवार तक कार पहुंचाने' के अपने लक्ष्य को और मजबूती देगी।

टेस्ट टीम घोषित

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलेंगे ऋषभ पंत

## दो टेस्ट मैच खेलेगी भारतीय टीम, विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ की शानदार वापसी

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने टेस्ट टीम में धमाकेदार वापसी की है। बीसीसीआई की चयन समिति ने मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें पंत को न सिर्फ टीम में जगह मिली है, बल्कि उन्हें उपकप्तान की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। यह सीरीज़ 14 नवंबर से शुरू होगी।

इंग्लैंड के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज़ में उपकप्तान रहे पंत चोट के चलते चौथे मैच से बाहर हो गए थे। अब पूरी तरह फिट होकर उन्होंने घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा है। हाल ही में भारत ए की ओर से दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ चार दिवसीय मुकाबले में उन्होंने 90 रन की उपयोगी पारी खेली थी।



### आकाशदीप को भी मिला मौका

बीसीसीआई की वरिष्ठ चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर ने टीम की घोषणा करते हुए बताया कि इस बार आकाश दीप को मौका दिया गया है, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा और एन. जगदीशन को बाहर किया गया है। अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ मोहम्मद शमी एक बार फिर टीम से बाहर हैं, हालांकि वे रणजी ट्रॉफी में लगातार खेल रहे हैं।

### पांचवें नंबर पर आएंगे पंत

टीम में शुभमन गिल कप्तान होंगे और शीर्ष क्रम में उनके साथ केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन की जिम्मेदारी होगी। पंत पाँचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। विकेटकीपर के रूप में ध्रुव जुरेल बैकअप रहेंगे। ऑलराउंडरों में रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल और नितीश रेड्डी शामिल हैं, जबकि तेज़ गेंदबाज़ी की कमान जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप संभालेंगे। कुलदीप यादव टीम के एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर होंगे।

### भारत ए टीम (वनडे सीरीज के लिए)

तिलक वर्मा (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़ (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, रियान पराग, ईशान किशन (विकेटकीपर), आयुष बडोनी, निशांत सिंधु, विप्रज निगम, मानव सूथार, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद, प्रभाव सिंह (विकेटकीपर)।

### भारत की टेस्ट टीम (दक्षिण अफ्रीका सीरीज के लिए)

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान/विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, आकाश दीप।

# WTA : गॉफ ने पाओलीनी को किया टूर्नामेंट से बाहर

## दो सेट के मुकाबले में दर्ज की पहली जीत



**रियाद।** डिफेंडिंग चैंपियन अमेरिका की कोको गॉफ ने मंगलवार को जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए इटली की जैस्मिन पाओलीनी को 6-3, 6-2 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स में अपनी पहली जीत दर्ज की और साथ ही पाओलीनी को टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखा दिया। 21 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी गॉफ ने अपने पिछले मुकाबले में हमवतन जेसिका पेगुला के खिलाफ 17 डबल फॉल्ट किए थे, लेकिन इस बार उन्होंने केवल तीन ही डबल फॉल्ट किए और पूरे मैच में अपना दबदबा बनाए रखा। गॉफ ने मैच के बाद कहा, "मुझे पता था कि यह जीत टूर्नामेंट में बने रहने के लिए जरूरी है।

### पहले सेट में गाफ ने बनाई बढ़त

पहले सेट में गॉफ ने मात्र 10 मिनट में 3-0 की बढ़त बना ली। पाओलीनी ने अगला गेम जीतने के लिए नौ मिनट तक संघर्ष किया और तीन ब्रेक प्वाइंट बचाए। हालांकि, गॉफ ने फिर शानदार रिटर्न खेलते हुए 5-3 की बढ़त हासिल की और पहला सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट में भी गॉफ की रणनीति कारगर साबित हुई, जिसमें उन्होंने पाओलीनी को लगातार कोर्ट के एक सिरे से दूसरे सिरे तक दौड़ाया। परिणामस्वरूप, गॉफ ने दो बार लगातार ब्रेक हासिल कर 5-2 की बढ़त ली और एक दमदार सर्विस के साथ मैच जीत लिया।

# जल्द संन्यास लेंगे क्रिस्टियानो रोनाल्डो

## कहा– मैं अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर

एजेंसी । नई दिल्ली



पुर्तगाल और अल नास्र के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने खुलासा किया है कि वे जल्द ही फुटबॉल से संन्यास लेने की तैयारी में हैं। 40 वर्षीय रोनाल्डो ने कहा कि उनका शानदार करियर अपने अंतिम पड़ाव पर है और जब वह इस खेल को अलविदा कहेंगे, तो यह बेहद भावुक क्षण होगा। रोनाल्डो ने पीयर्स मॉर्गन अनसेंसर्ड को दिए इंटरव्यू में अपने रिटायरमेंट और भविष्य की योजनाओं पर खुलकर बात की। रोनाल्डो ने यह भी बताया कि वे अब अपने दोस्तों के साथ पैडल खेल का आनंद ले रहे हैं।

### पूरे करियर में दागे 952 गोल

उन्होंने कहा, "जल्द ही... लेकिन मैं तैयार रहूंगा। यह कठिन होगा, हां, मैं शायद रो भी दूं। मैं एक भावुक इंसान हूं। लेकिन मैंने 25-26 साल की उम्र से ही अपने भविष्य की तैयारी शुरू कर दी थी, इसलिए मुझे विश्वास है कि मैं इसे संभाल पाऊंगा।" दुनिया के सबसे सफल खिलाड़ियों में शामिल रोनाल्डो ने अब तक अपने करियर में 952 गोल दागे हैं। उन्होंने कहा कि फुटबॉल के बाद का जीवन वे अपने परिवार और निजी रुचियों को समर्पित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, "फुटबॉल में गोल करने का जो एड्रेनालिन होता है, उसकी बराबरी कुछ नहीं कर सकता। लेकिन हर चीज़ की एक शुरुआत होती है और एक अंत भी। अब मैं अपने परिवार और बच्चों के साथ अधिक समय बिताना चाहता हूं। मैं क्रिस्टियानो जूनियर के साथ रहना चाहता हूं क्योंकि वह अब उस उम्र में है जहां बच्चे कई बार गलतियां करते हैं। माटेओ को भी फुटबॉल बहुत पसंद है।"

# 'टी20 वर्ल्ड कप से पहले खुद को परख रही टीम इंडिया'

## गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कहा- टीम संयोजन पर मुख्य फोकस

**होबार्ट।** भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कहा कि टी20 वर्ल्ड कप से पहले टीम इंडिया अलग-अलग संयोजनों को परखने की रणनीति पर काम कर रही है। उन्होंने स्वीकार किया कि खिलाड़ियों को सीमित अवसर मिल रहे हैं, लेकिन इसका उद्देश्य टीम के हर विकल्प को परखना और संतुलित संयोजन खोजना है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट चटकाए और 'प्लेयर ऑफ द मैच' बने। हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ पिछली सीरीज़ के बाद से उन्हें अब तक सिर्फ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में मौका मिला है। इस पर मोर्कल ने स्पष्ट किया कि टीम प्रबंधन वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए प्रयोगों की नीति अपना रहा है।



### अर्शदीप अनुभवी गेंदबाज

मोर्कल ने कहा, "अर्शदीप समझदार और अनुभवी गेंदबाज हैं। वे जानते हैं कि हम वर्ल्ड कप की तैयारी में विभिन्न संयोजन आज़मा रहे हैं। वह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं—खासतौर पर पावरप्ले में उन्होंने लगातार विकेट झटके हैं। मगर इस समय हमारा लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा विकल्पों को परखना है ताकि वर्ल्ड कप से पहले हर परिस्थिति के लिए तैयार रहें।" टीम चयन पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि इतने बड़े खिलाड़ी पूल में से चयन करना आसान नहीं होता, और कुछ खिलाड़ियों को सीमित अवसर मिलना स्वाभाविक है। "निराशा तो होगी, लेकिन खिलाड़ी के नियंत्रण में सब कुछ नहीं होता।

### टी20 प्रारूप में लचीलापन जरूरी

गेंदबाजी कोच ने यह भी कहा कि टी20 प्रारूप में लचीलापन सबसे अहम है। "हर टीम वर्ल्ड कप से पहले अपने सर्वश्रेष्ठ कॉम्बिनेशन पर काम कर रही है। हमें भी कुछ तय संयोजन पता हैं, लेकिन हम हर स्थिति के लिए तैयार रहना चाहते हैं। वर्ल्ड कप जैसे टूर्नामेंट में कोई भी संभावना अधूरी नहीं छोड़नी चाहिए!

बॉ ली वु ड



# अक्षय- दिशा की शानदार जोड़ी ने मचाया धमाल

दिशा पाटनी अब सचमुच अपने करियर के 'टेकओवर मोड' में हैं। हर नए प्रोजेक्ट के साथ वो साबित कर रही हैं कि वो बॉलीवुड की नई जमाने की कमर्शियल स्टार हैं, टैलेंट, कॉन्फिडेंस और चार्म का परफेक्ट कॉम्बिनेशन। अब दिशा जुड़ गई हैं बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय कॉमेडी फ्रैंचाइज़ 'वेलकम' के तीसरे भाग 'वेलकम टू द जंगल' से।

अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर एक सरप्राइज वीडियो शेयर किया, जिसमें वो दिशा पाटनी के साथ मस्तीभरे मूड में नजर आ रहे हैं। दोनों साथ चलते-चलते अचानक डांस करने लगते हैं, और उनकी नेचुरल केमिस्ट्री ने फैंस का दिल जीत लिया है। लाल ड्रेस में दिशा की चमक और उनकी ट्रेडमार्क स्माइल ने हर फ्रेम को जीवंत बना दिया।

वीडियो के साथ अक्षय ने लिखा, दिल से दिल तक, क्या थ्रोबैक है 18 साल बाद भी 'वेलकम' सबका फेवरेट है। इस नॉस्टैल्जिया के साथ दिशा और मैं ला रहे हैं 'वेलकम टू द जंगल' और हमारी क्वीन कैटरीना को नहीं भूल सकते। 'वेलकम टू द जंगल' तो बस शुरुआत है। दिशा जल्द ही हॉलीवुड फिल्म होलीगार्ड्स में केविन स्पेसी के साथ अपना इंटरनेशनल डेब्यू करने जा रही हैं। इसके अलावा वो 'कल्कि 2' के मेगा यूनिवर्स का हिस्सा हैं, विशाल भारद्वाज की नई फिल्म में शाहिद कपूर के अपोज़िट कैमियो कर रही हैं।




# फातिमा सना शेख-विजय वर्मा की 'गुस्ताख इश्क' को मिली नई तारीख





आने वाले दिनों में कई रोमांटिक फिल्में रिलीज होने वाली हैं। उन्हीं में से एक है 'गुस्ताख इश्क'। ये वही फिल्म है, जिसमें फातिमा सना शेख पहली बार अभिनेता विजय वर्मा के साथ इश्क लड़ाती नजर आएंगी। उधर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा इसके जरिए निर्माता बनने जा रहे हैं। ये उनके प्रोडक्शन की पहली फिल्म है, जिसे लेकर उनके प्रशंसक भी बेहद उत्साहित हैं। अब खबर है कि इस फिल्म की रिलीज तारीख में बदलाव हुआ है। पहले 'गुस्ताख इश्क' 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब ये 28 नवंबर को दर्शकों के बीच आएगी। ये ऐलान करते हुए मनीष मल्होत्रा ने सोशल मीडिया पर फिल्म का एक मोशल पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'तारीख लिख लें, क्योंकि ''गुस्ताख इश्क की नई रिलीज डेट आ गई है। ये 28 नवंबर को आपके बीच आएगी।' हालांकि, ये नहीं बताया गया है कि फिल्म को 1 हफ्ते आगे क्यों बढ़ाया गया है। इस साल अगस्त में फिल्म का पहला टीजर रिलीज हुआ था और मनीष ने अपने इस सिनेमाई सफर को लेकर उत्साह जाहिर किया था। फिल्म में एक नई प्रेम कहानी देखने को मिलेगी। इसमें दिखाया जाएगा कि कैसे एक प्रेमी अपनी प्रेमिका के लिए दुनिया से लड़ जाता है और सारी हदें पार कर जाता है।

# 'बॉर्डर 2' से वरुण धवन का फर्स्ट लुक आया सामने

देशभक्ति की भावना से लबरेज 'बॉर्डर' जब 1997 में आई थी, तो उसने हर भारतीय के दिल में देश के लिए गर्व और भावनाओं की लहर जगा दी थी। अब उसी गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाने के लिए 'बॉर्डर 2' की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। सनी देओल की वापसी के बाद अब फिल्म से वरुण धवन का पहला लुक सामने आया है, जिसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है।

जारी पोस्टर में वरुण धवन सेना की वर्दी में नजर आ रहे हैं। गंभीर चेहरे के साथ हाथ में हथियार थामे उनका फौजी अवतार दर्शकों को रोमांचित कर रहा है। इस बार वरुण सिर्फ एक किरदार नहीं, बल्कि एक सैनिक के साहस, जज्बे और जंग के जुनून को जीते दिखाई देंगे। सोशल मीडिया पर उनके इस पोस्टर को लेकर जबरदस्त चर्चा है और फैन्स फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।




### फिल्म में कई कलाकार

'बॉर्डर 2' में सनी देओल और वरुण धवन के साथ दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मेधा राणा, मोना सिंह और सोनम बाजवा जैसे सितारे भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म को भूषण कुमार और जे.पी. दत्ता ने मिलकर प्रोड्यूस किया है, जबकि निर्देशन की कमान 'केसरी' फेम अनुराग सिंह ने संभाली है। देशभक्ति के रंग में डूबी यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस वीकेंड पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जे.पी. दत्ता की बेटी निधि दत्ता ने इसकी कहानी लिखी है। बॉर्डर को जे.पी. दत्ता ने ही निर्देशित किया था, जिसमें सनी देओल, सुनील शेट्टी, अक्षय खन्ना और जैकी श्रॉफ जैसे कलाकारों ने यादगार प्रदर्शन दिया था।

# सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हो रही है फिल्म 'घूमर'

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 2 नवंबर को 2025 का वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रच दिया । ये जीत भारतीय क्रिकेट के लिए एक स्वर्णिम क्षण है, जिसका जश्न पूरे देश ने मनाया। अब इसी खुशी के मौके पर आर बाल्की के निर्देशन में बनी फिल्म 'घूमर' फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है ताकि इस ऐतिहासिक जीत के जश्न के साथ दर्शक एक बार फिर क्रिकेट वाला वही जोश और वही भावनाएं महसूस कर सकें। 'घूमर' में अभिषेक बच्चन और सैयामी खेर ने मुख्य भूमिका निभाई थी। ये फिल्म देश के खेल के प्रति इस अटूट प्रेम का जश्न मनाते हुए इस शुक्रवार, 7 नवंबर 2025 को एक बार फिर सिनेमाघरों में खासतौर पर रिलीज की जा रही है। निर्माताओं के मुताबिक, ये सिर्फ मनोरंजन नहीं है, बल्कि इसको दोबारा देखने से भारत में क्रिकेट के लिए जो गहरा प्यार है, वो भाव, वो जोश, वो लगाव फिर एक बार दिल में जाग उठेगा।



# राहुल गांधी ने फोड़ा 'सियासी हाइड्रोजन बम'



एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने चुनाव में कथित अनियमितताओं को लेकर एक बार फिर 'हाइड्रोजन बम' वाले खुलासे किए हैं। इस बार उन्होंने हरियाणा में विधानसभा चुनाव में घोटाले के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि लगभग सभी एग्जिट पोल में कांग्रेस की जीत के आसार थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

- हरियाणा में 25 लाख वोट चोरी हुए, बिहार में ऑपरेशन सरकार चोरी जारी : राहुल
- ब्राजीलियन मॉडल की फोटो दिखाई, कहा– इसने हरियाणा में सीमा, स्वीटी, सरस्वती के नाम पर वोट डाला

### 'ब्राजील की महिला ने 22 बार किया मतदान'

राहुल ने आंकड़े दिखाते हुए कहा कि कांग्रेस केवल 22,779 वोटों से हरियाणा चुनाव हारी। उन्होंने कहा, यहां क्या हुआ हम उसके बारे में जानेंगे। एक्जिट पोल में कांग्रेस को बहुमत मिल रहा था। सभी पोल ऐसा बता रहे थे, लेकिन ऐसा क्या हुआ कि हरियाणा में पहली बार पोस्टल वोट और वास्तविक वोट में अंतर दिखा। राहुल ने एक ब्राजीली महिला का फोटो दिखाते हुए कहा कि उक्त महिला ने अलग-अलग बूथों पर 22 अलग-अलग नामों से मतदान किया।

### हरियाणा में 25 लाख वोटों की चोरी का आरोप

राहुल ने बताया कि हरियाणा में 25 लाख वोट चोरी किए गए। उन्होंने बताया कि इनमें 5 लाख डुप्लीकेट मतदाता, 93,000 गलत पते के मतदाता, 19 लाख बल्क मतदाता और बाकी के फॉर्म 6 और फॉर्म 7 के गलत इस्तेमाल से चोरी किए गए। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले 3 .5 लाख मतदाताओं के नाम डिलीट किए गए, जिनमें से ज्यादातर हमारे मतदाता थे। उन्होंने डिलीट किए गए मतदाताओं के

### 'एक महिला का 2 बूथों पर 223 बार नाम'

राहुल ने हरियाणा की मतदाता सूची दिखाते हुए एक महिला के बारे में बताया, जिसका फोटो सूची में 2 बूथों पर 223 बार था। उन्होंने कहा कि इस महिला के नाम पर कोई भी जाकर मतदान कर सकता है। हम इस बूथ के अगर कैमरा फुटेज मांगे तो हमें 100 प्रतिशत पता चला जाएगा कि क्या हुआ। राहुल ने ऐसे ही कुछ अन्य फोटो दिखाते हुए कहा कि कई लोगों के नाम कई बार दर्ज हैं।

### राहुल का दावा- भाजपा नेताओं के नाम

राहुल ने मतदाता सूची का फोटो दिखाते हुए दावा किया का उत्तर प्रदेश के भाजपा नेताओं के नाम हरियाणा की मतदाता सूची में भी है। उन्होंने ऐसे 2 उदाहरण दिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ऐसी व्यवस्था कर वोट चोरी कर रही है। उन्होंने मकान नंबर जीरो को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने बताया कि कई लोगों के मकान नंबर जीरो है, लेकिन उनके पास आलीशान घर मकान सब हैं।

### 'मुख्य चुनाव आयुक्त सरेआम झूठ बोल रहे'

राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) ज्ञानेश कुमार का एक वीडियो भी चलाया, जिसमें उन्होंने कहा था कि जिन लोगों के मकान नहीं होते, उन्हें जीरो मकान नंबर दिया जाता है। राहुल ने एक मतदाता के घर का फोटो दिखाते हुए बताया कि मतदाता सूची में इसका मकान नंबर जीरो है। उन्होंने कहा, CEC सरेआम भारत की जनता से झूठ बोल रहे हैं।

# बीजिंग-मास्को की साझेदारी वैश्विक शांति के लिए जरूरी : जिनपिंग

## शी जिनपिंग से मिले रूसी प्रधानमंत्री मिशुस्तिन, बीजिंग में हुई बैठक

एजेंसी | बीजिंग

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को बीजिंग में रूस के प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझीदारी को नए स्तर पर ले जाने पर सहमति बनी। बैठक में आर्थिक, ऊर्जा और तकनीकी सहयोग को गहरा करने के साथ-साथ वैश्विक मंचों पर संयुक्त भूमिका को सशक्त बनाने पर भी चर्चा हुई। बैठक महलांगोंग रेसिडेंस में आयोजित की गई। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, राष्ट्रपति शी ने कहा, "चीन और रूस के बीच सहयोग न केवल दोनों देशों के हित में है, बल्कि यह वैश्विक शांति, स्थिरता और संतुलन के लिए भी आवश्यक है।"

### प्रतिबंध के बावजूद 240 अरब डालर का कारोबार

रूसी प्रधानमंत्री मिखाइल मिशुस्तिन ने राष्ट्रपति शी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि "रूस, चीन को अपना सबसे भरोसेमंद साझीदार मानता है।" उन्होंने बताया कि यूक्रेन संकट और पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद, 2024 में चीन-रूस व्यापार 240 अरब डॉलर से अधिक तक पहुंच गया, जो दोनों देशों की साझीदारी की मजबूती को दर्शाता है। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने साइबेरिया से चीन तक तेल पाइपलाइन विस्तार, आर्कटिक क्षेत्र में ऊर्जा परियोजनाओं, और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तथा नवीकरणीय ऊर्जा में तकनीकी सहयोग पर भी चर्चा की।



### ढाल का काम करता है दोनों का आपसी सहयोग

शी ने हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच आर्थिक, सैन्य और तकनीकी क्षेत्रों में हुई प्रगति को "अभूतपूर्व" बताते हुए कहा कि बीजिंग और मॉस्को की साझीदारी अब "नए युग की रणनीतिक साझीदारी" बन चुकी है, जो "अमेरिकी एकतरफावाद और पश्चिमी प्रतिबंधों के विरुद्ध एक ठोस ढाल" का काम करती है। उन्होंने आगे कहा कि दोनों देशों को ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटल अर्थव्यवस्था और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में गहन सहयोग जारी रखना चाहिए ताकि दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित की जा सके।

# नदिया में पुलिस और बीएसएफ की बीच झड़प, कई घायल



### अवैध कफ सीरप बरामदगी को लेकर हुआ विवाद

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के भारत-बांग्लादेश सीमा से सटे चापड़ा क्षेत्र में मंगलवार रात अवैध कफ सिरप (फेंसिडिल) की बरामदगी को लेकर पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के बीच हुए विवाद ने तनाव का माहौल पैदा कर दिया। बताया जा रहा है कि इस घटना में कई पुलिसकर्मी घायल हुए, जबकि पुलिस ने एक बीएसएफ जवान को हिरासत में लिया था। घटना की शुरुआत उस समय हुई जब चापड़ा थाना पुलिस को सूचना मिली कि करिमपुर से कृष्णनगर जा रही एक बस में प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी की जा रही है। पुलिस ने बस का पीछा कर उसे सीमामनगर स्थित बीएसएफ कैंप के पास रोक लिया और बड़ी मात्रा में फेंसिडिल की बोतलें बरामद कीं।

### कफ सीरप जब्ती के दौरान हुआ विवाद

इसी दौरान मौके पर पहुंचे बीएसएफ कर्मियों ने कथित रूप से जब्त माल को अपने कब्जे में लेने का प्रयास किया, जिससे पुलिस और बीएसएफ के बीच कहासुनी और हाथापाई की नौबत आ गई। सूत्रों के मुताबिक, झड़प के दौरान कई पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिनका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने बाद में एक बीएसएफ जवान को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की।

### गलतफहमी से हुआ विवादः बीएसएफ

हालांकि, देर रात बीएसएफ की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह पूरा मामला "सामान्य गलतफहमी" का परिणाम था। बीएसएफ ने स्पष्ट किया कि बरामद सिरप फिलहाल पुलिस की अभिरक्षा में है और दोनों एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित कर लिया गया है। बीएसएफ ने यह भी बताया कि सादी वर्दी में मौजूद एक जवान को गलतफहमी के कारण हिरासत में लिया गया था, जिसे बाद में छोड़ दिया गया।

भारत–पाक सीमा पर जारी त्रिशूल अभ्यास में ड्रोन आर्मी ने दिखाया दम

# पहली बार आसमान से भेदा लक्ष्य

एजेंसी | जोधपुर

जैसलमेर के समीप आयोजित त्रिशूल युद्धाभ्यास में भारतीय सेना ने पहली बार महाराज द्वारा नियंत्रित ड्रोन फोर्स (ड्रोन आर्मी) को समेकित रूप से तैनात कर के युद्धाभ्यास के दौरान आसमान से नियंत्रित बम गिराकर लक्षित ठिकानों को नष्ट किया। यह कदम 'आत्मनिर्भर भारत' के सिद्धांत के अनुरूप स्वदेशी सक्षमताओं के बढ़ते उपयोग का प्रतीक माना जा रहा है। अभ्यास में प्रयोग किए गए मानव रहित हवाई प्रणालियों (ड्रोन) का डिजाइन, विकास और बड़े पैमाने पर उत्पादन दक्षिणी कमान द्वारा तैनात स्थानीय संसाधनों और तकनीकी विशेषज्ञता की मदद से किया गया है। रक्षा तंत्र के भीतर की गई इस पहल में सेना की ईएमई कोर और देश के छोटे व मध्यम उद्यमों के बीच समन्वय को मुख्य रखा गया है, ताकि युद्धक आवश्यकताओं के अनुरूप सक्षम तथा टिकाऊ ड्रोन सैनिकों के हाथों में सीधे उपलब्ध कराए जा सकें। दक्षिणी कमान की इस पहल से जुड़ी तकनीकी तैयारियों और उत्पादन आकार पर सेना ने फिलहाल विस्तृत आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए हैं, परन्तु यह स्पष्ट कर दिया गया है कि लक्ष्य-निर्धारित रूप से तैयार ये ड्रोन जल्द ही तैनाती योग्य इकाइयों के पास उपलब्ध कराए जाएंगे।



### परखी गई स्वदेशी ड्रोन की क्षमता

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार इन स्वदेशी ड्रोन हबों ने नई पीढ़ी के मानव-रहित हवाई सिस्टम विकसित किए हैं, जो टोही, लक्ष्यों की पहचान और सटीक हमले—इन तीनों भूमिकाओं का निर्वाह करने में सक्षम हैं। त्रिशूल अभ्यास में इन्हीं प्रणालियों का व्यावहारिक परीक्षण कठिन एवं खतरे वाले मौकों पर किया गया, जिससे उनकी विश्वसनीयता और क्रियान्वयन क्षमता पर गंभीर रूप से परखा गया।

### घरेलू रक्षा उद्योग की क्षमता हुई साबित

सैन्य विश्लेषकों का कहना है कि यह कदम केवल सैन्य ऑपरेशनों की दक्षता बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे घरेलू रक्षा-उद्योग के उभार और छोटे उद्योगों के तकनीकी क्षमताओं के सशक्तिकरण को भी बल मिलता है। विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह पहला मौका है जब त्रिशूल अभ्यास में आसमानी संचालन को एकीकृत रूप में शामिल किया गया है, जो भविष्य के युद्ध-क्षेत्र में बहुमुखी अभियान क्षमता का संकेत देता है।

# ऐतिहासिक जीत : न्यूयॉर्क के पहले मुस्लिम मेयर बने जोहरान

एजेंसी | न्यूयॉर्क

अमेरिका में न्यूयॉर्क शहर के मेयर चुनावों में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जोहरान मामदानी ने स्वतंत्र उम्मीदवार एंड्रयू क्यूमो को करारी शिकस्त देकर ऐतिहासिक जीत हासिल की है। न्यूयॉर्क प्रांतीय असेंबली के सदस्य और डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट 34 वर्षीय मामदानी, शहर के पहले मुस्लिम और दक्षिण एशियाई मूल के मेयर बन गए हैं। मामदानी के माता पिता मूल रूप से युगांडा से हैं।



वाशिंगटन पोस्ट के अनुमान के अनुसार, मामदानी को 52% से अधिक वोट मिले हैं, जबकि क्यूमो 45% पर ही सिमट गए हैं।

### जनवरी में होगा शपथग्रहण समारोह

मीडिया खबरों के मुताबिक चुनाव परिणामों के अनुसार, मामदानी ने प्रारंभिक चुनाव में अपनी बढ़त को बरकरार रखते हुए क्यूमो पर लगभग उतने ही अंतर से जीत हासिल की, लेकिन अश्वेत और हिस्पैनिक समुदायों में उनकी लोकप्रियता ने उन्हें अतिरिक्त बढ़त प्रदान की। मामदानी 1892 के बाद से शहर के सबसे युवा मेयर होंगे।

### यह न्यूयार्क के पुनर्जन्म की शुरुआत

मामदानी ने जीत की आधिकारिक घोषणा करते हुए अपने समर्थकों से कहा, यह जीत न्यूयॉर्क के पुनर्जन्म की शुरुआत है। हम एक ऐसे शहर का निर्माण करेंगे जहां हर आवाज सुनी जाए, चाहे वह किसी भी पृष्ठभूमि की हो। उनका चुनावी अभियान सामाजिक न्याय, आवास सुधार और जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित था।

## न्यूज़ ब्रीफ

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नक्सलियों से मुठभेड़, तीन ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर के अनाराम और मर्रीमल्ल के जंगल में नक्सलियों की मद्देड एरिया कमेटी से सुरक्षाबलों के जवानों की मुठभेड़ हो रही है। अब तक तीन नक्सलियों के शव और बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार मुठभेड़ स्थल से जवानों ने बड़ी तादाद में हथियार बरामद किए हैं। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। जवानों ने जंगल में नक्सलियों को घेर लिया है और दोनों ओर से फायरिंग लगातार हो रही है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि माओवादी गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रभावी अभियानों के अंतर्गत, सुरक्षाबल लगातार ज़िले में सघन कार्रवाई कर रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को भी सुरक्षाबलों की कई टुकड़ियां क्षेत्र में सक्रिय अभियान पर हैं। ऑपरेशन जारी है।

### डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट : पेंशनर्स को घर बैठे मिलेगी सुविधा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बुधवार को देशव्यापी डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) अभियान 4.0 का शुभारंभ किया। यह एक माह लंबा अभियान 30 नवंबर तक चलेगा, जिसका उद्देश्य पेंशनभोगियों के लिए जीवन प्रमाण पत्र प्रक्रिया को सरल बनाना है। अभियान के पहले चार दिनों में ही 55 लाख से अधिक डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जारी किए जा चुके हैं, जबकि पूरे माह का लक्ष्य दो करोड़ का है। अभियान 4.0 के तहत देशभर के लगभग 2,000 जिलों और शहरों में 2,500 शिविर लगाए जा रहे हैं, जिनका संचालन 1,250 नोडल अधिकारी करेंगे।

कालमेघी तूफान

# फिलीपींस में 66 शव बरामद, सैकड़ों लापता

एजेंसी | मनीला

उष्णकटिबंधीय तूफान 'कालमेघी' के कारण फिलीपींस में भारी बारिश और बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 66 हो गई है। इस तूफान के मंगलवार को यहां पहुंचने के बाद तेज बारिश और बाढ़ से भारी तबाही मची हुई है, जिससे लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, उत्तरी लुज़ॉन क्षेत्र इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है, जहां भूस्खलन और नदियों का उफान के चपेट में कई गांवों के आने की खबरे हैं।



### 20 लाख लोग विस्थापित

खबरों के मुताबिक सैकड़ों लोग अभी भी लापता बताए गए हैं, जबकि 20 लाख से ज्यादा को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। प्रभावित इलाकों में बिजली-पानी की आपूर्ति बाधित है और सड़कें मलबे के अवरूद्ध हैं। इस तूफान की हवाओं की रफ्तार 150 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक थी, जिस कारण इसे 'श्रेणी' तीन में रखा गया था।

## मंगोलिया में फंसे 228 भारतीय पहुंचे दिल्ली

**नई दिल्ली।** मंगोलिया की राजधानी उलानबटोर में फंसे 228 यात्रियों को बुधवार सुबह टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया एयरलाइंस के विमान से दिल्ली लाया गया। ये यात्री मंगोलिया की राजधानी में तब फंसे गए थे, जब सोमवार को सैन फ्रांसिस्को से दिल्ली आ रहे विमान का मार्ग परिवर्तित करके उसे मंगोलिया की राजधानी ले जाया गया था। उलानबटार से यात्रियों को लेकर एयर इंडिया का राहत विमान बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बुधवार सुबह करीब 8:24 बजे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली पहुंचा। राहत उड़ान AI183 ने मंगलवार दोपहर उलानबटार के लिए उड़ान भरी थी।

# केंटकी में विमान हादसा, सात की मौत

- मालवाहक विमान के इंजन में लग गई थी आग

एजेंसी | वाशिंगटन

अमेरिका के केंटकी प्रांत के लुइसविले में बुधवार को एक भीषण विमान हादसे में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब यूपीएस कंपनी का बोइंग 747 मालवाहक विमान मोहम्मद अली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रारंभिक जांच में संभावना जताई गई है कि विमान के इंजन में आग लगने से यह हादसा हुआ। स्थानीय प्रशासन के अनुसार, विमान लुइसविले से हवाई द्वीप समूह के होनोलुलु की ओर जा रहा था।



### ग्राउंड स्टाफ के मरने की आशंका

दुर्घटना स्थल के पास से सामने आए वीडियो में भारी धुआं और आग की लपटें दिखाई दीं। दमकलकर्मियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने बताया कि विमान में दो पायलट और एक इंजीनियर सहित तीन लोग सवार थे, लेकिन मलबे में सात शव बरामद किए गए हैं। आशंका है कि इनमें कुछ ग्राउंड स्टाफ के सदस्य भी शामिल हैं।

### कंपनी की सभी उड़ाने निलंबित

घायलों की सटीक संख्या अभी स्पष्ट नहीं है, हालांकि कई लोगों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। यूपीएस कंपनी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, "हम इस दुखद हादसे से अत्यंत व्यथित हैं। कंपनी प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और जांच एजेंसियों को पूरा सहयोग दे रही है।" हादसे के बाद कंपनी ने अपनी सभी उड़ानों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (NTSB) ने घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा गया है कि मौसम अनुकूल था।

कम हुए रोड एक्सीडेंट

# हिमाचल में इस साल सिर्फ 1,457 हादसे

### 2023 में हुई थीं 2253 दुर्घटनाएं

एजेंसी | शिमला

हिमाचल प्रदेश सरकार के सड़क सुरक्षा सुधार के निरंतर प्रयासों से प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। सरकार की नीतियों, निगरानी तंत्र और जनजागरूकता अभियानों के परिणामस्वरूप अब सड़कें पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित हो रही हैं और सैकड़ों अमूल्य जिंदगियां बचाई जा चुकी हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023 में प्रदेश में कुल 2,253 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई थीं। वर्ष 2024 में यह संख्या घटकर 2,147 रह गई, जबकि वर्ष 2025 में अब तक केवल 1,457 दुर्घटनाएं ही दर्ज की गई हैं।



### प्राकृतिक आपदाओं से आईं मुश्किलें

बताया कि यह उपलब्धि और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वर्ष 2023 और वर्ष 2025 में राज्य को भारी भूस्खलन, बाढ़ और बादल फटने जैसी गंभीर प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ा। इन कठिन परिस्थितियों में भी राज्य सरकार ने सड़क सुरक्षा उपायों को मजबूत बनाए रखा और विभिन्न विभागों के समन्वय से हादसों को कम करने में सफलता पाई।

### सड़क सुरक्षा शीर्ष प्राथमिकता में शामिल

प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सड़क सुरक्षा को सरकार की प्राथमिकताओं में शीर्ष स्थान दिया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सड़क सुरक्षा के हर पहलू पर ध्यान दिया जाए, ताकि न केवल दुर्घटनाओं की संख्या घटे बल्कि प्रत्येक नागरिक का जीवन सुरक्षित रहे।

# किश्तवाड़ में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

### एक जवान घायल, तलाशी अभियान जारी

एजेंसी | किश्तवाड़

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के छत्रू सब-डिवीजन के नायदगाम क्षेत्र के कलाबन जंगल में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ छिड़ गई। इस दौरान सेना का एक जवान घायल हो गया, जिसे तत्काल उपचार के लिए सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों के



अनुसार, यह कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर शुरू की गई थी। सेना की व्हाइट नाइट कॉर्प्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त रूप से क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन आरंभ किया था। अभियान के दौरान आतंकियों की मौजूदगी का पता चलने पर जब घेरा सख्त किया गया, तो आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी।